हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



बाढ़ का असर: दुर्ग जिले में 7923.3828 हेक्टेयर में लगाई गई है सब्जी की फसल

# बाढ़ से हजारों एकड़ सब्जी फसल बर्बाद, 200 मकान तबाह

**पथरिया, मेड़ेसरा, डोमा, सगनी, परसोदा, चंगोरी, डांडेसरा, झोला,अछोटी, आलबरस, मालूद, बेलोदी, बिरेझर, रूद्रा आदि गांव में फसल क्षतिग्रस्त, महमरा एनीकट से 7 फीट ऊपर पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले दो दिनों की बाढ़ ने दुर्ग जिले के 200 मकानों को तबाह कर दिया है। सबसे ज्यादा प्रभावित दुर्ग ब्लॉक रहा है। यहां 150 मकानों को क्षति पहुंची है। तीसरे दिन यानी बुधवार को बाढ़ का पानी उतरने लगा है। उसके बाद भी शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर सात फीट पानी चल रहा है। मंगलवार को 16 फीट ऊपर पानी था। इधर 12 राहत कैंपों में से 8 राहत कैंपों में शरण लेने वाले लोगों की अपने गांव वापसी हो गई है। केवल 4 राहत कैंप चल रहे हैं। इसलिए कि यहां के लोगों के घरों में अब भी पानी भरा हुआ है। बाढ़ से सबसे ज्यादा सब्जी की फसल को क्षति पहुंची है। दुर्ग जिले में 7923.3828 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जी की फसल लगाई गई है। जिसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा सब्जी की नर्सरी और पैदावारी पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

### इन गावों में सब्जी की फसल बर्बाद

शिवनाथ नदी और आमनेर नदी किनारे के गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से सब्जी की सबसे ज्यादा बर्बादी हुई है। पथरिया, मेड़ेसरा, डोमा, सगनी, परसोदा, चंगोरी, डांडेसरा, झोला,अछोटी, आलबरस, मालूद, बेलोदी, बिरेझर, भोथली, कोटनी, पीपरछेड़ी, महमरा, भरदा, अरसनारा, रूद्रा, अंजोरा आदि गांवों में सब्जी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।



### टमाटर व भाटा की नर्सरी गली

मेड़ेसरा के किसान लीमन साहू, पथरिया के किसान संदीप सोलंकी, रूद्रा के जीआर साहू आदि ने बताया कि टमाटर और भाटा की नर्सरी हाल ही में लगाई गई थी वह बाढ़ के पानी में डूबने से पूरी तरह गल गई। करेला और सेमी के नार भी खराब हो गए। करेला और सेमी का उत्पादन भी शुरू हो गया था। इसी तरह पालक, मिर्च और पीपते की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। दुर्ग, धमधा , अहिवारा क्षेत्र के नदी किनारे के किसान सबसे ज्यादा प्रभावित है।

### इन राहत शिविरों में अब भी ठहरे हैं लोग

शिवनाथ नदी किनारे के पुलगांव यादव कोसरिया समाजिक भवन में राहत कैंप में अब भी लोग ठहरे हुए हैं। यहां 50 प्रभावितों को ठहराया गया था। सामुदायिक भवन अछोटी राहत कैंप , अछोटी राहत कैंप और रूद्रा राहत कैंप में अब भी प्रभावित लोग रूके हुए हैं। यहां ठहरे लोगों के घरों में बारिश का पानी अब भी भरा हुआ है। जिसकी वजह से वे अपने घर नहीं जा रहे है। प्रशासन जैसे-जैसे स्थिति सुधर रही वैसे-वैसे प्रभावितों को घर पहुंचा रहे है।

### आरबीसी 6-4 के तहत होगा क्षति का सर्वे

बाढ़ से फसल और मकान दोनों की क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिला प्रशासन के क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा आरबीसी 6-4 के तहत प्रभावितों को देगा। प्रशासन ने सभी तहसीलों के राजस्व विभाग को सर्वे के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। उद्यानिकी विभाग फसल क्षति का सर्वे करेगा। बाढ़ का पानी खेतों में अब भी इतना भरा हुआ है कि क्षति का सर्वे में दिक्कतें आ रही है।

### सड़क मार्ग खुले आवागमन शुरू

बाढ़ का पानी कम होने से दुर्ग का सड़क मार्ग से आवागमन भी शुरू हो गया है। दुर्ग से बालोद, राजनांदगांव और धमधा मार्ग पर बसें चलने लगी है। मिनी माता पुलगांव चौक से लेकर शिवनाथ नदी पुल और पोटिया आदर्शनगर तक बाढ़ का पानी भर गया था जो अब क्लीयर हो गया है। शिवनाथ मुक्तिधाम एरिया में भी बाढ़ का पानी उतरने से यह मार्ग भी खुल गया है।

### बैराजों से पानी छोड़ना बंद

बैराजों से शिवनाथ नदी में पानी छोड़ना भी मंगलवार से बंद हो गया है। जिसकी वजह से शिवनाथ नदी का पानी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। एसडीओ जल संसाधन विभाग डीएन शुक्ला ने बताया कि मोंगरा, घूमरिया, सूखा नाला और खातूटोला के गेट बंद कर दिए गए हैं। शिवनाथ में लोकल कैचमेंट का पानी आ रहा है। इसलिए महमरा एनीकट पर 7 फीट ऊपर पानी चल रहा है। गुरुवार तक स्थिति सामान्य होने के आसार हैं।

### बाढ़ से अंजोरा स्थित अस्तबल में नुकसान

शिवनाथ नदी में आए भीषण बाढ़ से कामधेनु विश्व विद्यालय परिसर अंजोरा स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट के घोड़ों के अस्तबल जलमग्न हो गया। जिसके कारण रेजीमेंट के 10 घोड़े सहित अस्तबल में रखे गए घोड़े का राशन व चारा को तत्काल कर्मचारियों द्वारा अन्य सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बावजूद इसके घुड़सवारी के उपकरण, वाहन व अन्य आवश्यक सामानों को क्षति पहुँची है। यूनिट के प्रभारी कमान अधिकारी ले.कर्नल अमन सिंह एवं सूबेदार योगेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राहत एवं बचाव कार्य किया गया।

**क्षति का आंकलन शुरू**

बाढ़ से दुर्ग जिले में करीब 200 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना आई है। नदी किनारे के प्रभावित गांवों में सब्जी फसल को नुकसान पहुंचा है। इन दोनों का सर्वे करवाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल बाढ़ का पानी खेतों में अब भी भरा हुआ है इसलिए सर्वे शुरू नहीं हो सका है। आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

-हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### कवि सम्मेलन आज

**भिलाई।** स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित स्मृति नगर में आखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 13 सितंबर को रात्रि 8 बजे लोकमान्य तिलक उद्यान स्मृति नगर में आयोजित है। इसमें हास्य कवि बंशीधर मिश्रा, कौशल साहू लक्ष्य, अनूप श्रीवास्तव, अखिल भारतीय गीतकार किशोर तिवारी, गजल सरिता सरोज, वीर रस राजीव चौबे संचालन करेंगे।

### आटो में गुमा बैग, युवती तक आरक्षक ने पहुंचाया



**भिलाई।** आटो से घर जाने के लिए निकली एक युवती अपना बैग भूल गई। बैग में स्कूल का मार्कशीट, आधार कार्ड, एटीएम. कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन और अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति था। युवती का नाम ग्राम घुघुवा निवासी सविता भारती 25 वर्ष की है।भिलाई तीन मार्केट से आटो में बैठकर सिरसागेट के पास युवती उतरी और आटो में ही युवती ने अपना बैग भूल गई थी। सविता को अपने बैग की याद आने पर खोजबीन करना शुरु किया। बैग नहीं मिला, फिर बैग को भिलाई तीन थाना में पदस्थ आरक्षक 934 प्रवीण सरजारे ने खोजबीन सरिता के बैद को उसे सौंप दिया।

## पार्षद की दबंगई, साथियों के साथ मिलकर युवक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गणेश चंदा नहीं देने को लेकर पार्षद और उसके दोस्तों ने मिलकर एक युवक की जमकर धुनाई कर दी है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। शिकायत पर पुलिस ने पार्षद समेत उसके दोस्तो के खिलाफ धारा 296,351(2),115(2),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर वैशाली नगर निवासी अनुराग सिंह 11 सिंतबर को गणेश पंडाल खाना खाने पहुचा था। इस दौरान निखिल ने गणेश चंदा नहीं देने को लेकर विवाद करने लगा। इस दौरान पार्षद अभिषेक मिश्रा को निखिल ने फोन कर पंडाल में बुला लिया। तब अनुराग को पार्षद अभिषेक मिश्रा, निखिल, पोल्हू समेत उसके साथियों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। अनुराग के साथ मारपीट के दौरान आरोपियों ने जिसका वीडियों भी बनाया है। मारपीट में अनुराग के शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। घटना के समय अनुराग किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा। घटना की शिकायत के बाद पुलिस जांच कर रही है। टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने पार्षद समेत अन्य युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

■ चंदा नहीं देने को लेकर हुआ विवाद, मारपीट

जामुल नपा में लाभ का बजट पेश

## 3 करोड़ से संवरेगा जामुल का तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा की बैठक नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बताया गया कि नगर पालिका जामुल के विकास कार्यों के लिए 15 वें वित्त आयोग से पांच करोड़ की स्वीकृति की जानकारी संचालनालय से मिली है।

अधोसंरचना मद से तीन करोड़ रुपए की स्वीकृति परिषद ने सर्वसम्मति से प्रदान की। जिसके लिए जामुल पालिका के सभी जनप्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का आभार जताया। यह राशि वर्षों से लंबित थी। इसमें तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड़, खेल मैदान स्टेडियम के लिए 2 करोड़ रुपए, गार्डन के लिए 75 लाख रुपए, कॉलेज भवन के पास नाला निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रुपए, सर्व समाज मांगलिक भवन के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए, राम मंदिर तालाब के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए की विशेष वित्तीय स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई। वर्ष 2024-25 के लिए लाभ का बजट नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने पेश किया। जिसे सभी पार्षदों ने ध्वनिमत से पारित किया। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, सतीश साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पीआईसी सदस्य चुम्मन वर्मा, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चेन्नेवार, सीएमओ अंकुर पाण्डेय मौजूद थे।

## पुरानी रंजिश के चलते ही हुई थी हत्या, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पुलिस बाइक समेत हथियार को किया जब्त

पुरानी रंजिश के चलते वार्ड 37 गंजपारा निवासी शंकर यादव नामक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन युवक और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 3(5),351(2),109 ,296 बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वार्ड 27 गंजपारा दुर्ग निवासी मोनू श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, वार्ड 56 साई नगर बघेरा छबि निर्मलकर को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में एक अपचारी बालक भी शामिल है। आरोपियों को पकड़ने के लिए कोतवाली दुर्ग प्रभारी विजय यादव ने टीम बनाकर खोजबीन शुरु किया था। सूचना मिलने पर तीनों युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने पुलिस को बताया कि शंकर के साथ युवकों का पुरानी रंजिश थी। इस कारण घटना हो अंजाम देना स्वीकार किया। शंकर की हत्या करने के बाद पुलिस को चकमा देने के लिए मोनू श्रीवास्तव ने साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के कपड़े का जला दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद किया है। इसके अलावा आरोपी से चाकू, मोबाइल और बाइक सीजी 07 एलके 8085 को जब्त किया है। आरोपी छबि निर्मलकर ने घटना को अंजाम देने के बाद फरार होने के लिए अपने घर पर शरण दिया था।

## फ्लिपकार्ट और ई-कॉमर्स कंपनियों का शटर तोड़कर तिजोरी पार



**भिलाई।** दो दुकान का शटर तोड़कर बुधवार रात को लाखों रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। घटना भिलाई तीन स्थित ग्राम दादर क्षेत्र की है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि दादर क्षेत्र में फ्लिपकार्ट और ई-कॉमर्स नाम की दो कंपनियों का ऑफिस है। जहां से ऑनलाइन ऑर्डर के कूरियर को लोगों के यहां पार्सल किया जाता है। इससे जो पैसा मिलता है, उसे यहां बड़ी तिजोरी में रखा जाता है। बुधवार रात को कुछ अज्ञात लोगों ने दुकान के शटर को बीच से उठाया और अंदर घुसकर भारी भरकम तिजोरी को बाहर निकालकर फरार हो गए। दोनों ही कंपनियों की तिजोरी को चोर करीब एक किलोमीटर दूर खेत में फेंक फरार हो गए। सुबह होते ही घटना की जानकारी पुलिस को हुई। चोर तिजोरी को तोड़कर सभी पैसे निकालने में सफल रहे। फ्लिपकार्ट की तिजोरी में 5-6 लाख रुपए कैश होना बताया गया। ई-कॉमर्स की तिजोरी खाली था। दोनों ही कंपनी के ऑफिस में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। चोरों ने कंपनी में लगे सीसी कैमरों के डीवीआर साथ लेकर फरार हो गए, जिसके कारण पुलिस को घटनास्थल पर हुई वारदात का फूटेज नहीं मिल पाया है।

**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड रोड गौरवपथ रोड के तिराहे में जानलेवा गड्ढे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई। इस व्यवस्त मार्ग पर 18 घंटे तक सघन आवागमन होता रहता है।

निगम में प्रशासनिक कसावट लाने बड़ा फेरबदल

## लंबे अरसे बाद पांचों जोन आयुक्त बदले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर निगम भिलाई के सभी जोनों में अब प्रशासनिक कसावट के साथ विकास में तेजी आएगी। जोन क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव करते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने पांच जोन में पांच जोन आयुक्त और कार्यपालन अभियता नियुक्त किये। सभी जोन को अब फुलफ्लेश आयुक्त मिल गए हैं। जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में कार्यपालन अभियता सह जोन आयुक्त बी.के.वर्मा कार्य संपादित करेगे। इसी प्रकार जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन आयुक्त सतीश यादव, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा एवं जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में कार्यपालन अभियंता सह जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता कार्यो को संपादित करेगें।

### 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा मुहिम

निगम के पांचो जोन में पांच जोन आयुक्त शासन द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ को शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार संपादित करेंगे। आने वाले समय में 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का सर्वेक्षण अभियान शुरू होने वाला है। सभी कार्यो को सुचारू रूप से संपादित करते हुए आयुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**



## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर से. 2 में श्रीमद्भागवत कथा 18 से



भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट सेक्टर 2 में पितृपक्ष के अवसर पर 18 सितंबर से 24 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा व्यास डां. श्याम सुंदर पाराशर श्रीधाम वृन्दावन और प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा हैं। कथा समय शाम 4 से 7 बजे तक है। अट्ठाहर सितंबर को भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म और 19 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र तथा 20 सितंबर को रामकथा व नंद महोत्सव की कथा होगी। 21 सितंबर को माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा, 22 को महारास व रुक्मणी विवाह और 23 को सुदामा चरित्र और भागवतसार कथा होगी। 25 सितंबर को महाप्रसाद वितरण होगा।

### अरिहंत का भी विज्ञापन होर्डिंग हटाया



भिलाई। राष्ट्रीय राजमार्ग नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर में जोन कार्यालय के समीप स्थित हुंडई शोरूम पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। आबंटित क्षेत्र पर निर्माण कर लेने के अतिरिक्त रोड के जगह पर अतिक्रमण कर गाड़ियो की पार्किंग की जा रही थी। रोड से शोरूम तक जाने के लिए लम्बा चैंडा पाथवे बना लिया गया था, उसे जोन के राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने अपनी तोड़फोड़ दस्ता के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को खाली करवाया। निगम द्वारा चेतावनी दी गई थी कि इस स्थल पर अन्य कोई अतिरिक्त पाथवे नहीं बनाया जायेगा। यह शासन की सड़क है, इसे सड़क ही रहने दिया जाए। अरिहंत स्टील के द्वारा 20 फिट से अधिक का विज्ञापन बोर्ड रोड पर लगाया गया था, उसे भी हटाया गया। सनद रहे कि संस्थाओ द्वारा शोरूम या दुकान बनाते समय अपने पुरे आबंटित जमीन पर निर्माण कर लिया जाता है। बाद में चोरी छिपे शासकीय सड़क पर अवैध कब्जा करके पार्किग स्थल बना दिया जाता है। जिसके कारण आवागमन में बाधा पहुंचती है ।

### सचिन हरने को पीएचडी की उपाधि



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विजन और इमेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में डॉ. सचिन हरने ने पीएचडी पूरी की। शोध का विषय एनालिसिस ऑफ़ इमेज एनहांसमेंट फॉर सीजनल चेंज उसिंग कंटूर तकनीक था। अपनी पीएचडी के दौरान उनका एक पेपर एससीआईई इंटरनेशनल जर्नल में और 4 पेपर स्कोप्स इंडेक्स्ड जर्नल में प्रकाशित हुआ है। वह वर्तमान में आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। समूह के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और आपके समर्पण, कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता का प्रमाण है।निदेशक डॉ. साकेत रूंगटा ने कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी पीएचडी पूरी कर ली है, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक और व्यक्तिगत मील का पत्थर है। डॉ. श्रीकांत भुर्जे अकादमिक निदेशक, मो. शाजिद अंसारी असिस्टेंट डायरेक्टर, डॉ. योगेश छाबड़ा प्रिंसिपल, डॉ. अभिषेक सोनी जनरल मैनेजर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, डॉ. लोकेश सिंह डीन एडमिनिस्ट्रेशन, दिनेश दुबे डीन एकेडमिक ने उन्हें सफलतापूर्वक पीएचडी पूरी करने पर बधाई दी है। पीएचडी स्कॉलर सचिन हरने ने अपना शोध कार्य डॉ. सिद्धार्थ चौबे व डॉ. आभा चौबे के मार्गदर्शन में पूरा किया।

# कुम्हारी टोल प्लाजा हटाने सत्याग्रह शुरू, बंद करने की मांग उठी

## 48 घंटे तक केवल जलग्रहण, उसके बाद पानी लेना भी होगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से चल रहे कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करना शुरु कर दिया है। टोल प्लाजा बंद करने की मांग को लेकर 48 घंटे का सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया है।

साईं सृष्टि जन कल्याण संस्थान के मुकेश तिवारी 11 सिंतबर से कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाने की मांग को लेकर सत्याग्रह पर बैठे हैं। मुकेश ने 48 घंटे तक केवल जल ग्रहण करेंगे। इसके बाद भी यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो पानी लेना भी बंद कर देंगे। मुकेश तिवारी ने साईं सृष्टि जन कल्याण संस्थान की ओर से 10 सितंबर को दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को एक पत्र भी लिखा था। जिसमें टाटीबंध, रायपुर से नेहरू नगर, भिलाई तक बनी



फोरलेन पर स्थित टोल की वसूली को बंद करने की मांग की गई है। पत्र में लिखा गया है कि कुम्हारी में एक टोल प्लाजा बनाया गया था। वहां टोल की अवैध वसूली की जा रही है, लेकिन सड़क की मरम्मत पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुकेश तिवारी ने कहा है कि रायपुर से भिलाई तक बनाई गई फोरलेन मार्ग का निर्माण बीओटी पद्धति पर किया गया था। इसके तहत कुम्हारी और कोसानाला भिलाई में टोल वसूली के लिए दो अलग-अलग टोल नाके बनाए गए थे।

### सत्याग्रह से लोगों का जुड़ना शुरू

मुकेश तिवारी ने कुम्हारी में एक टेंट लगाकर अपना सत्याग्रह शुरू किया है। अब जल भी ग्रहण करना बंद कर देंगे। समाज हित में उनकी इस दृढ़ निश्चय मांग के साथ धीरे धीरे अब स्थानीय और अन्य लोग जुड़ने लगे हैं। सभी लोगों का कहना है कि कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने की मांग कर रहे है। टोल की वसूली तो कंपनी कर रही है लेकिन सड़क को व्यवस्थित नहीं कर पा रही है।

## कार्रवाई : कस्टम मिलिंग के अनुबंध का मिलर नहीं कर रहे पालन

# गोयल एग्रो फुड राईस मिल में दबिश, धान लेकर नहीं दिया चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कस्टम मिलिंग को लेकर साल बीतने के बाद भी प्रशासन द्वारा एफसीआई में चावल जमा नही कराया जा सका है। हाल ही खाद्य मंत्री द्वारा राईस मिलों में भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश देने के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग के अफसरों ने गोयल एग्रो फुड राईस मिल में दबिश दी।

जहां धान उठाव के बाद स्टाक का लेखा जोखा ही नहीं पाया गया, वही धान उठाने के बाद चावल भी जमा नही किया गया। मिल से टीम ने धान का स्टाक जप्त कर लिया गया है। जानकारी अनुसार जिले के 151 राईस मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध कराया है। लेकिन मिलरों ने जहां करीब 11 लाख क्विंटल चावल एफसीआई और करीब तीन लाख क्विंटल से अधिक का चावल नान में जमा नही किया गया है।

मिलर एफसीआई द्वारा रैक उपलब्ध यानि चावल रखने स्पेश नही देने की बात कह रहे है। वही एफसीआई के अधिकारी पर्याप्त जगह होने की बात कह रहे है। यही कारण है कि, अब तक पिछले साल का कस्टम मिलिंग का निपटारा नही हो सका है और नए सीजन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पिछले दिनों कस्टम मिलिंग के कमजोर स्थिति को देखते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने मिलरों का भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया।

**खास बातें**

- नए सीजन के पहले कस्टम मिलिंग करानी होगी पूरी
- राज्य शासन के निर्देश पर भौतिक सत्यापन शुरू
- जिले के 151 राईस मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए कराया अनुबंध

### मिलरों की मनमानी पर प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई



### सिर्फ एक मिल में कार्रवाई कर खानापूर्ति

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से खेदामारा स्थित राईस मिल गोयल एग्रो फूड की जांच की गई। मिल मालिक द्वारा 390 मेट्रिक टन धान का उठाव भी किया गया। लेकिन कस्टम मिलिंग कर जमा योग्य चांवल 264 मेट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम में अब तक जमा नहीं किया गया है। मिल के स्टाक के भौतिक सत्यापन करने पर 10066 कट्टे धान वजन 4026.40 क्विंटल पाया गया। इस स्टाक को जप्त किया गया है।

### क्षमता के बाद भी समय पर मिलिंग नहीं

जानकारी अनुसार जिले में करीब डेढ सौ उसना और अरवा के मिलर पंजीकृत है। इन मिलों में हर माह 29 लाख क्विंटल चावल बनाने की क्षमता है। जबकि खरीफ सीजन में मिलरो को 64 लाख क्विंटल चावल एफसीआई और नान को जमा करना है। जितनी क्षमता उपलब्ध है, उसके अनुसार अगर समय पर चावल जमा किया जाए तो ढाई माह में मिलिंग हो सकती है। लेकिन धान खरीदी के आठ माह गुजरने के बाद भी चावल जमा नही करना सवाल खडे करता है।

## सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# सीमेंट व रेत में महंगाई पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सीमेंट और रेत के बढ़ते दाम को लेकर कांग्रेसियों ने गुरूवार को हिन्दी भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होने बेतहासा महंगाई के चलते भाजपा की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किए गए। उन्होने भाजपा पर सीमेंट के प्रति बोरी से पचास रूपए अवैध वूसली करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेसियों ने सीमेंट और रेत की बेतहाशा वृद्धि पर आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने सीमेंट के दाम रातों-रात 50 रुपये प्रति बोरा बढ़ा दिए हैं। रेत की कीमतें चार गुना तक बढ़ गई हैं, जो निर्माण कार्यों को प्रभावित कर रही हैं। वही कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार द्वारा रजिस्ट्री की दरों में दी जाने वाली 30 प्रतिशत की छूट को खत्म करके रियल स्टेट क्षेत्र में मंदी लाने का प्रयास किया जा रहा है। वही बिजली बिल हाफ योजना की जगह अब दोगुना बिजली बिल योजना लागू की गई है। पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल और सब्जियों की कीमतों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि ने लोगों का बजट गड़बड़ा दिया है। कांग्रेस ने इस वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए सरकार पर तीखा हमला किया है।

### महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध पर गरजे

प्रदर्शन के दौरान अरुण वोरा ने कहा कि, हत्या, बलात्कार और गैंगरेप की घटनाएं रोजाना हो रही हैं, जिससे महिलाओं में असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है। इस प्रदर्शन में दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आर एन वर्मा और राजेन्द्र साहू भी शामिल हुए।

## केसरी समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# विसर्जन के दौरान अश्लील गानों पर लगे रोक, मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केसरी समिति के द्वारा में बुधवार को हिंदू धर्म के त्योहारों में खास करके विसर्जन के समय समय अश्लील गानों को बजाते हैं और उसे पर डांस करते हैं जिससे हिंदू भावनाएं आहत होती है। इस पर रोक लगाने कलेक्टर व एसडीएम एवं एसपी को ज्ञापन दिया गया । जिसमें मुख्य रूप से श्री केसरी समिति के संरक्षक सोनू राम सिंह , अध्यक्ष पुरेंद्र साहू, अनुपम साहू, परमेश्वर महिलांग ,शैलेंद्र शेंडें , मनीष यादव ,धर्मेंद्र भगत , आसपुरन चौधरी ,विधि यादव , राकेश त्रिपाठी , अजीत परिहार जी, गुड्डू झा , बॉबी दास , अजीत चौधरी , मनोज साहू , संतोष कुशवाहा , विकास कुलश्रेष्ठ , सुजीत यादव, राजेश यादव , राजूराम सिंह मुख्य से उपस्थित रहे।




भिलाई। भाजयुमो नेता शुभम सिंह के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल व सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह से अपने साथियों के साथ मुलाकात किया।

# नशामुक्त करने संकल्प और ट्रैफिक जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे को लेकर पुलिस द्वारा बड़ा अड़ियान संकल्प व ट्रैफिक जागरुकता अभियान चला रही है। इस दौरान शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपराध एवं सामाजिक बुराई को रोकने के लिए यहां जागरूकता अभियान चलाई गई। कार्यक्रम में एसडीओपी आशीष बंछोर,उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी और कालेज के प्राचार्य राजेश पाण्डेय, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र संचालक अजय कल्याणी, अनुसुईया जोगी प्राध्यापक समेत जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं मौजूद थी। एसडीओपी आशीष बंछोर ने प्रकाश डालते हुए बताया गया कि दुर्ग पुलिस द्वारा युद्ध नशे के खिलाफ संकल्प जागरूकता अभियान चला




रही है। नशे के कारण होने वाले अपराधों की रोकथाम और नशे के कारण होने वाले नुकसानों को भी बताया है। नियंत्रण रखने के लिए दुर्ग जिले को नशा मुक्त करने यह अभियान चलाया जा रहा है। अपने परिजन को वाहन चलाते समय सदैव ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करना जरुरी है।

अवश्य कहे तभी हम दुर्ग जिला को नशा मुक्त जिला के साथ साथ सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान से बचा सकते है।

थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी ने कहा कि आज कि युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में है इस समाजिक बुराई को दूर करने एसपी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हम सब की सभागिता जरूरी है। तभी हम दुर्ग जिला को नशा मुक्त जिला बना सकते है। इस दौरान नशा मुक्त करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### शुभम हत्याकांड में गैंगस्टर तपन दोषमुक्त

भिलाई। खुर्सीपार में हुए शुभम हत्याकांड मामले में गैंस्टर तपन सरकार को न्यायालय दुर्ग ने दोष मुक्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी सेवर राम निषाद से पुलिस ने पूछताछ किया था तब उसने बयान दर्ज कराया था कि तपन सरकार के कहने पर ही उसने शुभम राजपुत की हत्या की थी। इसके बाद खुर्सीपार पुलिस ने तपन सरकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते 6 माह से तपन जेल में है। 21 फरवरी 2024 को हार्ट अटैक से सेवकराम की मौत हो चुकी है। फैसल में न्यायालय ने तपन सरकार का कनेक्शन सेवकराम निषाद से नहीं मिला। तपन सरकार को संदेह का लाभ देते हुए न्यायालय ने उसे दोष मुक्त कर दिया। तपन सरकार की ओर से अधिवक्ता के रुप में राजकुमार तिवारी थे। हत्याकांड में पुलिस ने दावा किया था कि शुभम की हत्या तपन के कहने पर ही सेवकराम ने किया था। तपन का मेल मुलाकात सेवकराम के साथ कभी कहीं किसी ने नहीं देखा। इस आधार पर तपन को संदेह का लाभ न्यायालय ने दिया। फैसला चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनीता टोप्पो के न्यायालय में हुआ।

# रिसाली डीपीएस मामले में युवक कांग्रेसियों का हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली स्थित डीपीएस स्कूल की छात्रा के साथ हुए अनाचार के मामले में को लेकर गुरुवार को युवक कांग्रेसियों द्वारा जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रभारी नरेंद्र वर्मा के तत्वावधान में स्कूल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल खडे करते हुए परिवार को न्याय दिलाने न्यायिक जांच करवाने मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय भारत नई दिल्ली और सीजी हाई कोर्ट बिलासपुर के नाम हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण द्वारा 12 सितंबर की सुबह 11 बजे रिसाली डीपीएस स्कूल के पास शांतिपूर्ण तरीके से हस्ताक्षर अभियान चला। कुछ देर बाद ही ही पुलिस मौके पर पहुची और बल पूर्वक युवा कांग्रेसियों के टेबल कुर्सी समेत दस्तावेज को जप्त किया। जिसके विरोध में जिला युवा कांग्रेसियों व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने पुलिसिया तानाशाही का जमकर विरोध कर नारेबाज़ी की है। पुलिस प्रशासन व भाजपा शासन गृह मंत्री विजय शर्मा के विरोध में भी नारेबाजी कर हस्ताक्षर अभियान जारी रखने की चेतावनी भी दी। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने भी पुलिस प्रशासन के तानाशाही रवैये पर नाराजगी व्यक्त की है।

### ये कांग्रेसी हुए थे शामिल

कार्यक्रम जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष जयंत देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दीप सारस्वत, पंकज सिंह, दीपांकर साहू , विकास साहू, अहमद चौहान, तुषार कुमार ,रोहन ताम्रकार , अजय वर्मा,विक्रांत ताम्रकार,अनिल देशमुख, यशवंत देशमुख,हेमंत साहू , रोहन तामरकर, लक्ष्य शर्मा, गोपाल ,यश सोनी,आयुष चंद्रा,आलोक शर्मा, आयुष शर्मा, राहुल साहू, रोशन यादव, हर्ष कुमार, अभिषेक अग्रवाल, कैयूम ख़ान ,आशीष वर्मा ,अंगेश कुमार , दीप चन्द्रकर, समेत कांग्रेसी मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 202409100900023
ब/121, वर्ष 2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार साहू पिता काशीनाथ साहू निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित क्रय शुदा भूमि खसरा नंबर 618/37 रकबा 0.014 हे. भूमि प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर दर्ज होना किन्तु ऋण पुस्तिका प्राप्त नही होने से ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक सुरेश कुमार साहू पिता काशीनाथ साहू निवासी रायपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 26.09.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा ।

यइ ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों के भोजन में पौष्टिक आहार शामिल किया जाए

# बच्चों का आधार, बैंक खाता व आयुष्मान कार्ड बनवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह एवं वजन त्यौहार 2024 के संबंध में चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के बारे में विस्तृत समीक्षा की । कलेक्टर ने जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में बालकों के आधार कार्ड बैंक खाता एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य शत-प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। जिले में शासकीय बालगृह, बाल सम्प्रेक्षण गृह, विशेष गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी, दत्तक ग्रहण एजेंसी, खुला आश्रय गृह एवं मदरसा अशरफिया यतीम खाना शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से समीक्षा की। इस पर पर्यवेक्षक ने बताया कि, उक्त संस्था में 0 वर्ष से 06 वर्ष के बालक, बालिकाओं को निवास दिया जाता है। वर्तमान में 04 बालिका एवं 02 बालक उपस्थित हैं। उन्होंने चाईल्ड लाईन में प्राप्त प्रकरणों एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने चाईल्ड लाईन के टोल फ्री नम्बर 1098 को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में चस्पा करने के निर्देश दिए।



**राष्ट्रीय पोषण माह एवं वजन त्यौहार की समीक्षाः** कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के भर्ती के संबंध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के लिए 06 मुख्य थीम अनुसार गतिविधियां की जाएगी। जिसमें एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शित और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रोद्योगिकी, समग्र पोषण शामिल है। कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार कर क्षेत्र विशेष, वर्ग विशेष में कुपोषण की पहचान करने जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि उनके लिए विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जा सके।

### नशे पर सख्त कार्रवाई करने निर्देश

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा 18 वर्ष से कम उम्र के बालक द्वारा मादक द्रव्य, नारकोटिक्स ड्रग, तम्बाकू उत्पाद या मन प्रभावी पदार्थ बेचने, बेचने हेतु नियोजित करना, उपयोग हेतु प्रदान करना या परिवहन करवाना प्रतिबंधित है। इसका उल्लघंन करने पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बाल श्रमिक रोकथाम हेतु जिले के छोटे और बड़े प्रतिष्ठानों जैसे कारखानों, ढाबों, उद्योगों, होटलों, संगठित दुकानों और खदानों, ईट भट्टों जैसे असंगठित क्षेत्रों में लगे बच्चों और किशोरों के बचाव के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जामगांव आर बना छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्र

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा टीएचएस 2024 के लिए केंद्र क्रमांक 16174 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूल जामगांव आर, पाटन, दुर्ग को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष राजेश पिल्लई ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र 200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा 15 सितंबर को 12 बजे से 2.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा में 1.30 घण्टे पूर्व केंद्र में उपस्थित हो जाए। उक्त जानकारी देते हुए सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई ने बताया की परीक्षार्थी अपने साथ केवल अपना प्रवेश पत्र जिसमें परीक्षार्थी और व्यापम दोनों की प्रति, फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र और नीला या काला स्याही का पेन ला सकते हैं।

### रामचरित मानस व्याख्यान व पौधारोपण 15 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी रिसामा एवं श्री समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा के तत्वावधान में 15 सितंबर को श्रीराम चरित मानस व्याख्यान माला व वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम 55 बरगद पौधे का रोपण का आयोजन रखा गया हैं। दीप प्रज्वलन सुबह 9 बजे गीता महानंद सरपंच ग्राम पंचायत रिसामा, योगिता चन्द्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, उपसरंपच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत रिसामा अतिथि आगमन दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, अध्यक्षता ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, विशेष अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष जिला सह. के. बैंक, फत्तेलाल वर्मा अध्यक्ष भाजपा उतई मंडल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य राजेन्द्र कुमार साहू और लेखुदास साहू ने दी।

### तेलीगुंडरा स्कूल में हुआ पौधारोपण




**पाटन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में जैनेन्द्र कुमार गंजीर संकुल समन्वयक एवं शिक्षक का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गंजीर ने प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन भी किया गया। शिक्षक गंजीर ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में हेमंत कुर्रे प्रधानपाठक प्राथमिक विभाग, जेके वर्मा,कृष्णा साहू, लेखराम वर्मा, अशोक ओझा, दानेश्वर वर्मा, महेंद्र साहू, उर्वशी देशमुख, ममता सोनी, हेमपुष्पा यादव, प्रतिमा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### दुखिया बाई चन्द्रवंशी



**भिलाई।** जामुल के निकट ग्राम ढौर वार्ड 20 भाठापारा निवासी दुखिया बाई चन्द्रवंशी उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ढौर के स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे विनोद, मानसिंह, माघवसिंह, शेर सिंह व नीरज माहेश्वर की मां एवं प्रधान पाठक हेमा चन्द्रवंशी की सासु मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### मेहतरु राम देवांगन



**भिलाई।** शंकर नगर दुर्ग निवासी मेहतरु राम देवांगन का सड़क दुर्घटना में निधन 11 सितंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 12 सितंबर को हरना बांधा शंकर नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दुर्ग के सचिव मनोज देवांगन व राजा देवांगन के पिता थे ।

### ठेलका, पगबंधी सहित अनेक गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का इंतजार

# बस स्टैण्ड धमधा में रैली निकालकर दिया धरना, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**प्राकृतिक आपदा राहत राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया**




फ़रवरी, मार्च माह में धमधा ब्लाक में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से अनेक गांवों में चना और गेहूं की फसल को क्षति हुई थी। किसानों ने आरबीसी के प्रावधान के अंतर्गत राहत राशि की मांग को लेकर अभियान चलाया था। इस पर प्रशासन ने सर्वे किया था और प्रभावित किसानों की सूची बनाई गई थी। दावा आपत्ति के बाद सूची को अंतिम रूप प्रदान किया गया था किंतु सभी गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान आज तक नही किया गया है। ठेलका, पगबंधी सहित अनेक गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का इंतजार है।

प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों ने 7 दिन में राहत राशि प्रदान नहीं करने पर 10 सितंबर को धमधा में धरना प्रदर्शन करने का अल्टिमेटम दिया था इसके बाद भी राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस पर प्रभावित किसानों ने मंगलवार को दोपहर 2 से बजे किसानों ने बैनर तले बाबा टेक सिंह चंदेल के नेतृत्व में धमधा के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रभावित किसान शामिल हुए।

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने आरोप लगाया कि नामांतरण, प्रमाणीकरण, सीमांकन, बटांकन आदि राजस्व संबंधी सुधार/संशोधन कार्यों के लिए कई पटवारियों द्वारा किसानों से रिश्वत की मांग की जाती है। एक जैसे काम के लिए अलग-अलग पटवारी अलग-अलग राशि की मांग करते हैं। रिश्वत नहीं देने पर राजस्व रिकॉर्ड में जानबूझकर त्रुटि करके किसानों को त्रुटि सुधार कराने के लिए भटकने के लिए मजबूर किया जाता है। अच्छा होगा काम के लिए रिश्वत की राशि निर्धारित करके पटवारी और तहसील कार्यालय में सूची टांग देना चाहिए। बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि किसानों को खाद की सख्त जरूरत है, लेकिन अधिकांश सोसायटी में जरूरी खाद उपलब्ध नहीं है जिससे किसान बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदने के लिए विवश हो गये हैं। धरना प्रदर्शन के बाद किसानों ने कतारबद्ध होकर बस स्टैण्ड से गंडई चौक तक रैली निकाली और तहसीलदार तारसिंह खरे को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह में बचे सभी प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर ढालु वर्मा अध्यक्ष किसान बंधु संगठन, राज कुमार गुप्ता संयोजक प्रगतिशील किसान संगठन, आइके वर्मा, भुनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा, संतु पटेल, ढालेश साहू, मनबोद मंडावी, दिलीप जैन, बबलू भारती, दिग्विजय सिन्हा, धनेश्वर वर्मा, गिरिश साहू, महेंद्र वर्मा, पीला पटेल, कलीराम, रतिराम वर्मा, नोहरी साहू, नेतराम यादव, आत्मा साहू, सनत साहू, रामचंद सिन्हा, मदन वर्मा सहित बडी संख्या में किसानजन उपस्थित थे।

## राधे की मेहनत रंग लाई, फिल्म नगरी में काम करते अब बना लिया रेल का इंजन, नाम भी दे दिया पाटन एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन




■ कबाड़ के सामानों से स्वच्छता का संदेश दिया

पाटन नगर का नाम रोशन वार्ड 6 के बाबू बगीचा के रहने वाले राधे यादव ने अपने हांथों के कला से रेल का मॉडल इंजन बनाया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पाटन नगर पंचयात के पीआई ओ योगेश भोई स्वछता प्रभारी जलज पांडेय सहयोग से पाटन नगर के राधे यादव ने अपने टीम के सांथ माडल रेल का इंजन तैयार किया। राधे यादव ने बचपन से ही कला के क्षेत्र में माहिर थे। वे स्कूल के समय मे विभिन्न प्रकार के वरिष्ठजनों से ईनाम भी पाया, वे कला जगत में पाटन नगर का मान बढाया है। आपको बता दे कि राधे यादव के द्वारा कबाड़ के सामान से रेल इंजन का निर्माण किया गया है। राधे यादव छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत मे भी आर्ट डारेक्टर एवं मैकअप मेन के रूप में भी अपनी दायित्व निभाते हैं। वे बहुत से छत्तीसगढ़ी फिल्मो में अपना मुकाम हासिल किये हैं। वे कबाड़ के सामानों से स्वच्छता का संदेश दिया और कबाड़ के समान से रेल का इंजन तैयार किया और कबाड़ से बने ईंजन को पाटन एक्सप्रेस के नाम भी दिया। राधे के कला को पाटन नगर के लोगो में ख़ुशी की लहर छा गई है। नगर बीजेपी अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने राधे यादव के कला को सहरानीय प्रदान किया। होरीलाल देवांगन ने बताया कि राधे यादव के द्वारा बनाया गया कबाड़ के सामानों से रेल इंजन को बहुत ही अच्छी कलाकारी के संदेश देते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता का संदेश दिया है उनके साथ राधे यादव के टीम की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाई है।

### महामाया सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

महामाया सेवा समिति द्वारा हनुमान मंदिर धमधा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही हमेशा ऐसे आयोजन करने की बात कही। इस आयोजन में हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वर्णिम राजपूत, कुलदीप यादव, संदीप यादव, तुषार सिंह राजपूत, ईशान यादव, प्रणव साहू, सिद्धार्थ राजपूत सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रशिक्षण ले रहे भोथली सरपंच सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



■ भोथली के शासकीय प्राथमिक शाला को सरपंच के सराहनीय कार्य से मिल रही अलग पहचान

गर्व की बात है कि पूरे दुर्ग जिले के इकलौते ग्राम पंचायत भोथली के दिव्यांग युवा सरपंच सुरेश साहू लगातार दूसरी बार सरपंच की कुर्सी बखूबी संभाल रहे हैं। वही शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद अपने बैशाखी से ज्यादा अपने हौसले के पंख से उड़ान भरकर अपनी मेहनत से गांव की तस्वीर बदलने सहित सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी, गांव की तस्वीर ही बदलने दिन रात मेहनत कर ग्रामीणों के साथ कदम से कदम मिलाकर हमर गांव सुघ्घर गांव की थीम पर कार्य कर रहे हैं। गौर हो कि बिहार राज्य के पटना के ज्ञान भवन में 10 सितम्बर से तीन द्विवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिर्फ 5 सरपंचों अलग-अलग जिलों से चयन हुआ है, जिसमें पूरे दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच सुरेश साहू को भी पूरे राज्यो से पहुंचे सरपंचों के साथ प्रशिक्षण मिला। वहीं सरपंच सुरेश साहू ने बताया कि पंचायती राज भारत सरकार के निर्देश पर पंचायत के सतत विकास के लक्षण को स्थायीकरण करने 7 थीम प्रोजेक्ट को चुना गया है, वहीं सुरेश साहू ने कहा कि बहुत कुछ सीखने को मिला, अब अपने गांव तस्वीर बदलने का संकल्प लेकर जाउंगा। गौर हो कि इस गांव की बेटी कुमोदनी साहू को भी राष्ट्रपति दौप्रदी मुर्मू से सम्मानित किया। वहीं पूरे दुर्ग जिले में भोथली के शासकीय प्राथमिक शाला को सरपंच के सराहनीय कार्य के कारण जिले में अलग पहचान मिल रही है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण



**अंडा।** क्षेत्रीय जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख ने अपने क्षेत्र के ग्राम भरदा, अछोटी, चिंगरी, कोनारी सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र आलबरस ,चंगोरी आदि गांवों में भ्रमण कर निरीक्षण किया एवं बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित रहने के सलाह के साथ साथ खान पान एवं स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी ली तथा उन्होंने ग्रामीणों को आग्रह किया कि पानी उबाल कर पिए स्वच्छता का ध्यान रखते हुए विपरीत परिस्थितियों में अपनी सजगता का प्रमाण देवें, आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ए एन एम से स्वास्थ्य सुविधा हेतु तुरंत संपर्क करें। इस दौरान भ्रमण में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन साथ थे।

## तहसील कार्यालय बना दलालों का प्रमुख अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**कोई व्यक्ति नहीं कर रहा दलाली**

“ मेरी जानकारी में कोई व्यक्ति दलाली नही कर रहा है, अगर जानकारी मिलेगी तो कार्यवाही तत्काल करूंगा।

**तारसिंह खरे,** तहसीलदार धमधा

■ जो व्यक्ति दलालों को पैसा नही देता उनका काम रुक जाता है या महीनों चक्कर काटते रह जाता है

धमधा तहसील कार्यालय इन दिनों खूब चर्चा में बना हुआ है। कारण है कार्यालय में दलालों के माध्यम से हो रहा है कार्य। यह कार्य पिछले 4 साल से चल रहा है जहां बिना दलाल के काम नही होता। कार्यालय के बाहर बाकायदा घूम-घूमकर कार्य का तलाश करते रहते है फिर होता है मोटा सौदा। जिसमे किसानों से रकम लेकर ऑफिस के अंदर जाकर दलाल कार्य आसानी से करा देता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन दलालों को कौन संरक्षण दे रहा है जो ऑफिस के अंदर तक पहुंच रखता है।

ग्रामीण बताते हैं कि यह कार्य लंबे समय से चल रहा है सरकार बदल गया लेकिन इनका कार्य बंद नही हुआ है। इस बीच कई अधिकारी भी बदल गए लेकिन इनका कार्य तेजी से जारी है। आफिस के अंदर इनके पकड़ से जहां प्रशासनिक कागज के बाहर आने का खतरा बना हुआ है वहीं इस अवैध कार्य से ऐसे लोग करोडों की संपत्ति बना चुके हैं। लोगों का मानना है कि यह सब अधिकारी के बिना जानकारी के हो पाना संभव नहीं है। जो व्यक्ति इनको पैसा नही देता उनका काम रुक जाता है या महीनों चक्कर काटते रह जाता है। इनसे सुना जाता है कि सब सेटिंग से होता है तो फिर काहे का डर। इसमें पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की भी भूमिका खूब रहती है। बिना पैसे के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक भी कार्य नही करते। नामांतरण, प्रमाणीकरण, बंटवारा, नजरी नक्शा, सीमांकन आदि सभी कामो में खूब अवैध पैसा वसूली किया जा रहा है।

## गणेशोत्सव 2024


**सेलूद।** सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति चुनकट्टा।


**उतई।** नवजागरण गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड उतई डुमरडीह।


**अंडा।** बाल गणेश उत्सव समिति स्कूल पारा परसदा (डगनिया)


**उतई।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति सब्जी मार्केट उतई


**उतई।** गौरी नंदन गणेश उत्सव समिति बाजार चौक उतई


**उतई।** मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति मिल पारा उतई


**भिलाई।** श्याम नगर जय स्तंभ चौक कैंप 2 भिलाई

### बठेना स्कूल में बालिकाओं को साइकिल बांटी



**पाटन।** शासकीय हाई स्कूल बठेना में सरस्वती सायकल योजना के तहत बठेना हाई स्कूल में 10 वीं, 11वीं, 12वीं के अध्यानरत बालिकाओं को 23 न्यू सायकल का किया वितरण सरस्वती सायकल योजना के तहत वितरण किया गया। अब बच्चों का स्कूल जाने का राह आसान होगा। हाई स्कूल बठेना में ओम साहू सांसद प्रतिनिधि, प्रधान पाठक हरिचंद सुक्तेल, अध्यक्ष लखन वर्मा, सुजान वर्मा, योगेंद्र साहू ने मिलकर प्रधानमंत्री सरस्वती योजना के तहत सायकिल वितरण किया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# लोकसभा चुनाव में मिले वोटों से ज्यादा सदस्य बनाना हमारा लक्ष्य : अभिषेक

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा का 2 सितंबर से शुरू हुआ सदस्यता अभियान लगातार जारी है। इसे देकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए सदस्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन में राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद अभिषेक सिंह ने मंडलवार सदस्यता से जुड़ी जानकारी ली। सदस्यता बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार की। इस अवसर पर संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, माया बेलचंदन, सुरेन्द्र कौशिक सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।




### मेहनत, लगन और परिश्रम से हमने जीत हासिल की

संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, लगन और परिश्रम से हमने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की। दुर्ग संभाग में कांग्रेस सरकार की तूती बोलती थी, आप सभी ने मेहनत से आज छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि सदस्यता से भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता या समर्थक न छूटे, यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सबको मिलजुकर इस अभियान को सफल बनाना है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक ने किया।

बैठक में जितेन्द्र वर्मा ने अभियान से जुड़ी जानकारी दी। अभिषेक सिंह ने कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतो पर चलने वाली पार्टी है। जनसंघ के समय से लेकर अब तक संघर्ष कर आज देश की सर्वोच्च पार्टी बनी है। आज देश के कई प्रदेशों में डबल इंजन की सरकार है। छत्तीसगढ़ भी उसमें शामिल है। अभिषेक सिंह ने कहा कि लोकसाभा चुनावों में जितने वोट मिले हैं, उससे ज्यादा सदस्य बनाने हैं। ललित चंद्राकर ने कहा कि

हम सब लोग एक ऐसी पार्टी के सदस्य हैं, जो राष्ट्रवादी विचार धारा को मानते हुए एकात्मवाद, मानववाद को मानते हुए अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के बारे में सोचता है। चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बात कहते हैं, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान को बूथ स्तर तक लेजाना हमारी प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप



### सर्वोदय गणेशोत्सव चौहान टाउन में लोकरंगी कार्यक्रम

**भिलाई।** सर्वोदय रेसिडेंस वेलफेयर सोसायटी द्वारा चौहान टाउन में गणेशोत्सव का आयोजन हषोल्लास से किया जा रहा है। इस अवसर पर लोकरंगी कार्यक्रम हुआ। इसके तहत विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की प्रस्तुति हुई। छत्तीसगढ़ के राउत नाचा, उड़ीसा का कजरी गीत और बंगाल को लोक नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। पूर्व में सोसायटी की अध्यक्ष सागरिका पाढ़ी द्वारा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरु किया गया। समिति के महासचिव सुरेंद्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष संदीप सभरवाल, दीपा बछावत, ललित चौधरी, शिवेंद्र सिंह, मुकेश हल्दिया और प्रीतीश गुहा सहित कालोनी के अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव स्वाति ने किया।

### मुक्त विश्वविधालय की एमबीए की प्रवेश सूची जारी

**भिलाई।** पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविधालय छ.ग. बिलासपुर द्वारा सत्र 2024-25 के लिए एम.बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयन सूची आज विश्वविधालय द्वारा जारी कर दी गई है। विश्वविधालय की वेबसाइट पर जारी इस सूची में अभ्यर्थी अपना नाम देख सकते हैं। चयन सूची के अनुसार प्रवेशार्थी 15 सितंबर से 25 सितंबर के मध्य निर्धारित प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है। विश्वविधालय द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त तथा विश्वविधालय अनुदान आयोग से अनुमोदित एम.बी.ए. पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम विशेषकर किसी उद्योग या सेवा प्रतिष्ठान अथवा व्यवसाय में कार्यरत कर्मियों या व्यवसायियों के लिए तैयार किया गया है; हालाकि इसमें सामान्य शिक्षार्थी भी प्रवेश लेते हैं।

### यूआरएम का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

**भिलाई।** बीएसपी की यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। मिल ने अगस्त में 130 मीटर रेल की 8020 नग रोल कर, दिसंबर 2023 में 130 मीटर रेल रोलिंग के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 7090 नग को पार किया। यूआरएम ने अगस्त 2024 में 96.2 प्रतिषत की अपनी सर्वश्रेष्ठ यील्ड भी दर्ज कर, दिसंबर 2023 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ यील्ड 95.6 प्रतिषत को पार किया। अगस्त 2023 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 77,197 टन को पीछे छोड़ा।

## सैकड़ों स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मियों की दयनीय हालत, बिजली व पानी के बिल से मिले राहत

# अब एचएससीएल को पुनर्जीवित करने की मांग, बीएसपी व एनबीसीसी से मिले काम


### एचएमएस यूनियन ने एचएससीएल के जीएम से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले कई साल से बंद होने की कगार पर खड़ी भारत सरकार की अंडर टेकिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी एचएससीएल को पुर्नजीवित किए जाने की मांग फिर जोर पकड़ रही है। हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने एचएससीएल कंपनी की दयनीय स्थिति को देखते हुए इसे नवजीवन देने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र और नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन( एनबीसीसी ) से काम दिए जाने की मांग की है। इसके साथ ही हजारों स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मियों के आवासों का बिजली व पानी का किराया कम करने या पुरानी दरों पर दिए जाने की मांग की है।

श्री मिश्रा ने एचएससीएल के महाप्रबंधक एसके सिन्हा से मिलकर ज्ञापन सौंपकर बताया कि हिंदुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ( एचएससीएल )निर्माण के क्षेत्र में दुनिया में नंबर वन कंपनी मानी जाती थी। नवरत्न कंपनी सेल की देश में जितनी भी ईकाईयां है, उसे बनाने के दौरान सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इरेक्शन वर्क, चिमनी तथा बड़े भवनों का निर्माण एचएससीएल ने किया। कंपनी के पास कुशल इंजीनियर, कुशल प्रबंधन, कुशल कारीगर और काम के प्रति समर्पित कर्मचारी थे। लेकिन आज इस कंपनी की दशा बद से बद्तर हो गई है। दो -चार नियमित अधिकारी-कर्मचारी को छोड़ जरुरत के सारे अधिकारी और कर्मचारी संविदा पर कार्यरत हैं। लगातार नुकसान का सामना करना पड़ा और आज उसकी हालत दयनीय हो गई है। अभी एचएससीएल को सेल से हटाकर नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन (एनबीसीसी) के अधीन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत अधिकार एनबीसीसी का और बाकी 49 प्रतिशत अधिकार एचएससीएल को है। लेकिन एनबीसीसी ज्यादातर काम खुद करती है। जबकि एनबीसीसी को खुद काम न कर एचएससीएल के माध्यम से कराना चाहिए। ऐसा होने से एचएससीएल को काम मिलता रहेगा और उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी।

### बिजली, पानी बिल पटाने में दिक्कत: मिश्रा



एचएस मिश्रा ने बताया कि एचएससीएल से 90 से 95 प्रतिशत कर्मियों व अधिकारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। । कुछ ही लोग हैं, पूरी नौकरी के बाद रिटायर हुए। बीएसपी में एचएससीएल का काम चल रहा था तो कई लोगों ने 35 से 40 वर्ष तक लगातार सेवाएं दी। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारी का पूर्ण अंतिम भुगतान कंपनी द्वारा नहीं दिया गया, जिसका केस अभी भी चल रहा है। कंपनी प्रबंधन द्वारा बार-बार क्वार्टर खाली करने का नोटिस दिया जा रहा है। मामला अभी न्यायालय में लंबित है। श्री मिश्रा ने जीएम से मांग की कि एचएससीएल क्वार्टरों में रहने वाले स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बदहाल आर्थिक स्थिति को देखते हुए बिजली पानी का किराया कम करे और क्वार्टर की दरें भी पुरानी हों।

### अधिकार हेड आफिस को

श्री मिश्रा ने मांग की कि एचएससीएल मकानों में रहने वाले कर्मचारी दयनीय आर्थिक स्थिति के कारण बिजली, पानी का बिल पटाने में दिक्कत महूसस कर रहे हैं। चार्ज पुरानी दर पर किया जाए या कम किया जाए। महाप्रबंधक ने कहा कि कहा कि बिजली पानी एचएससीएल का नहीं बीएसपी का है। इसलिए पानी और बिजली का जो भी शुल्क है क्वार्टर में रहने वालों को उसका भुगतान करना चाहिए। इस मामले मे निर्णय लेने का अधिकार हेड आफिस को है। भुगतान किश्तों में किया जा सकता है।

## एनसीओए की बैठक में इस्पात उद्योग के निजीकरण का उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एफएसएनएल सहित तीन सार्वजनिक इस्पात उपक्रमों के निजीकरण का मुद्दा अब एनसीओए की नेशनल काउंसिल बैठक में उठा है। एनसीओए ने एफएसएनएल, आरआईएनएल व नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध करते हुए इनके सेल में रणनीतिक विलय की मांग की है।

नेशनल काफ्रेडेशन आफ आफिसर्स एसोसिएशन की नेशनल एक्सीक्यूटिव काउंसिल की पालघाट, केरल में हुई बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी इस्पात उद्योगों के अधिकारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता, एनसीओए के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने की। बैठक में महासचिव जी अनिल कुमार, चेयरमेन गर्वनिंग काउंसिल वीकेतोमर, संरक्षक एचएम मल्लेश, संगठन सचिव कुसुमा राजशेखर, सचिव महिला कल्याण गीता सुनातकरी, सलाहकार बी. थामस, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यकारी अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि बैठक में काउंसिल ने केन्द्र शासन के द्वारा बीएसएनएल व एमटीएनएल के पुर्नउद्धार के प्रयासों की प्रशंसा की तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के प्रस्तावित निजीकरण के प्रयासों पर असहमति तथा इससे राष्ट्र को होने वाली संभावित क्षति पर चर्चा की। सरकार के कार्मिकों की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के कार्मिकों पर टैक्स के अधिक भार के कारण उत्पन्न भेदभाव को समाप्त करने की मांग की ।केन्द्रीय कार्मिकों को आवास के लिए नोशनल परक्यूसीट टैक्स, कार लोन, पीएफ ब्याज पर टैक्स की सीमा, एजुकेशन लोन, होम लोन इत्यादि पर टैक्स में अधिक छूट प्राप्त है जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के कार्मिकों को इन सभी मदों पर टैक्स में समान छूट प्राप्त नहीं है। एनसीओए अध्यक्ष ने बताया कि इस्पात क्षेत्र को रणनीतिक क्षेत्र में रखने हेतु तथा इस्पात क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उपक्रमों का रणनीतिक विलय करके एक मेगा इस्पात कंपनी के गठन करने की मांग केंद्रीय मंत्रियों व मंत्रालय के अधिकारियों से की है।

■ पीसीयू अधिकारियों को केंद्रीय अधिकारियों के समान आयकर लाभ की मांग की

### ईपीएस में बेसिक पे व डीए को करें संबद्ध

एनसीओए ने सार्वजनिक क्षेत्र के कार्मिकों के द्वारा ईपीएस-95 पेंशन योजना के तहत प्राप्त पेंशन को अधिकारियों के अंतिम बेसिक-पे व डीए से संबद्ध करने की भी मांग सरकार से कई बार की है। एनसीओए के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया व मुख्य भविष्य निधि आयुक्त से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हायर पेंशन आदेश के क्रियान्वयन में हो रहे भारी विलंब के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट करते हुए इसके शीघ्र क्रियान्वयन के लिए दिशानिर्देशन की मांग की है। बैठक में असंगत क्रियान्वयन का विरोध किया है और यह भी निर्णय हुआ कि यदि ईपीएफओ सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश की अवहेलना

## सामान्य पीएफ राशि के लिए भटक रहे रिटायर जेल अधीक्षक मेश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महालेखाकार छग रायपुर और जेल मुख्यालय रायपुर ने जेल अधीक्षक जिला जेल जांजगीर को सामान्य भविष्य निधि की अंतिम भुगतान की कार्यवाही आनलाइन कर जिला जेल मुख्यालय रायपुर को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में समूह बीमा राशि का भी भुगताने करने कहा गया है।

जेल मुख्यालय के पत्र 2 अगस्त के तहत सातवें वेतनमान के छठवें और अंतिम किस्त का भी भुगतान करने भी निर्देशित किया है। छग शासन जेल विभाग द्वारा भी इसका शीघ्र भुगतान करने कहा गया है। जबकि वित्त विभाग छग शासन द्वारा इसके पांच महीने पहले ही आदेश जारी कर सभी कर्मचारियों को भुगतान किया जा चुका है। जेल मुख्यालय के पत्र परिप्रेक्ष्य में ग्रेज्युटी और अवकाश नकदीकरण का प्रस्ताव बनाकर जेल मुख्यालय रायपुर को भेजने निर्देशित किया था। लेकिन जेल मुख्यालय ने अब तक नहीं भेजा। जेल मुख्यालय व कलेक्टर जांजगीर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी मोबाइल से डीडी टोंडर सहायक जेल अधीक्षक को सभी स्वत्वों को भुगतान करने निर्देशित किया था। इसके बाद भी जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव और आयुक्त बिलासपुर को व्यक्तिगत रुप से समक्ष उपस्थित होकर जल्द भुगतान करने का आग्रह किया गया है। डीडी टोंडर सहायक जेल अधीक्ष पद स्थापना केंद्रीय जेल दुर्ग डीजी जेल के आदेश से जिला जेल जांजगीर में कार्य पर है, के कारण ही एक कनिष्ठ अधिकारी का अपने से वरिष्ठ अधिकारी जेल अधीक्षक कार्यालय प्रमुख के सेवानिवृत्त स्वत्वों का भुगतान नहीं कराया जा रहा है। वे छह महा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा भी डीडी टोंडर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। रिटायर जेल अधीक्षक जिला जांजगीर जेएल मेश्राम ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि छग सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र अनुसार संलग्नीकरण का कोई भी नियम नहीं है। मेरे द्वारा जेल मुख्यालय रायपुर व कलेक्टर जांजगीर को भी डीडी टोडर को हटाने पत्राचार करने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई। जल्द न्याय की गुहार की गई है।

■ महालेखाकार के निर्देश पर अमल नहीं

## विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बलौदाबाजार आगजनी एवं लचर, बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर ध्यानाकर्षण करने के लिए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला। इस दौरान राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, वहीं अपनी नाकामी को छिपाने लगातार सरकार प्रशासन का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टी को निशाना बना रही है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही करने हेतु फर्जी एफआईआर दर्ज किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, विधायक लखेश्वर बघेल, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, खादी ग्रामोद्योग के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष पी.आर. खुंटे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार, सुबोध हरितवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, उधोराम वर्मा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, रायपुर सभापति प्रमोद दुबे उपस्थित थे।

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्वक कार्रवाई करने फर्जी एफआईआर दर्ज कर रहे

## एचआरडी अर्जित अवकाश का कर रहा गलत गणना, हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू ने मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र देकर कहा कि अर्जित अवकाश के गणना में हो रही त्रुटियों की जांच व सुधारने की मांग की है। बताया है कि गणना करने के मामले में मानव संसाधन विभाग कुछ गलतियां कर रहा है।

यूनियन ने बताया कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम के लागू होने के बाद 15 जुलाई को ओलेम्स को बंद कर दिया गया । टाइम ऑफिस को बंद कर दिया गया। टाइम ऑफिस को बंद करके टाइम ऑफिस के कार्य को मानव संसाधन विभाग को सौपा गया है। मानव संसाधन विभाग के लिए छुट्टियों की गणना और उनका संयोजन अतिरिक्त कार्य है जिसमें लगातार त्रुटियां हो रही है । जुलाई माह से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अर्जित अवकाश की गणना में गड़बड़ियों को देखते हुए सीटू ने एक कर्मी के अर्जित अवकाश की गणना के संदर्भ में टीएंडडी के कार्मिक अधिकारी से चर्चा कर उक्त कर्मी का विवरण दिया, साथ ही टिकट जेनेरेट कर टाइम आफिस से सवाल पूछा था । जिसके प्रत्युतर में टाइम ऑफिस ने लिखित में जवाब दिया कि रुल्स द्वारा जारी किए गए नियमों के आधार पर गणना करने से उक्त कर्मी को 22 अर्जित अवकाश मिलेगा लेकिन कार्मिक अधिकारी ने कहा कि उक्त कर्मी का कोई अर्जित अवकाश नहीं बनेगा।

■ सीटू यूनियन ने मुख्य महाप्रबंधक को लिखा पत्र

### अर्जित अवकाश की फिर से हो गणना

सीटू ने मांग की कि जुलाई एवं अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मियों के अर्जित अवकाश की गणना फिर से की जाए। प्रबंधन के सर्कुलर से स्पष्ट है कि साल भर में 240 कार्य दिवस होने पर ही किसी कर्मी को अर्जित अवकाश प्राप्त करने की पात्रता होती है सेवानिवृत्ति वर्षों में 20 दिन प्रति माह के हिसाब से कार्य दिवस होने पर सेवानिवृत्ति माह तक के गणना कर अर्जित अवकाश दी जाती है। यदि गणना करते समय 240 दिन में यदि कुछ दिन कम पड़ जाए तो उक्त कर्मी के द्वारा उस अवधि में लिए गए अर्जित अवकाश, इंजुरी लीव, ले ऑफ, मेटरनिटी लीव को देखा जाता है यदि उन अवकाशों को जोड़कर पात्रता के कार्य दिवस पूरे होते हैं तो पात्रता होने के बाद उन्हें उक्त कार्य दिवस की गणना करके अर्जित अवकाश दिया जाता है।

### आयुक्त ने अधिकारियों को किया निर्देशित

# पानी के 44 सैंपल फेल, निगम ने किया शुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसमें मौसम को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार धुव ने जलकार्य विभाग को निर्देशित किये थे, कि सभी वार्डो में पानी का सेंपल लिया जाए। उसकी गुणवत्ता की जॉच किया जाये की पानी पीने योग्य है की नहीं।

इसी तारत्मय में एक हफते के अंदर नेहरू नगर जोन में 118 सेंपल, वैशाली नगर जोन में 100 सेंपल, मदर टेरेसा नगर में 80 सेंपल, शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन में 92 सेंपल एवं जोन 05 सेक्टर 06 में 150 सेंपल लिए गये। इसमें से 647 सेंपल निर्धारित मापक के अनुसार सफल पाये गये। 44 सेंपल सभी जोन के मिलाकर असफल पाये गये। इसमें से कुछ क्षेत्रो में पानी का लिकेज होने के कारण मरम्मत करके ठीक किया गया। लगभग 14 सेंपल बोर एवं कुएं इत्यादि के थे। जिन्हे ब्लीचिंग पाउडर एवं आवश्यक पदार्थ डालकर ठीक किया गया।



आयुक्त ने मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियो को निर्देशित किये की हमारा मूल उददेश्य है कि सभी को शुद्ध पेयजल पीने को मिले। इतने बडे क्षेत्र में लिकेज होना स्वभाविक बात है उतने ही तत्परता से उसे ठीक कर देना चाहिए। कुछ अधिकारियो की शिकायत थी कि लिकेज की समस्या स्थानीय निवासियो द्वारा चोरी छिपे पाईप लाईन में छेद करके कनेक्शन ले लिया जाता है बाद में उसको ढक देते है। इतनी सफाई से चोरी छिपे कनेक्शन लेते है कि समान रूप से पता नहीं चलता है। ऐसे जगहों पर लिकेज पाया जाता है जिससे पीलिया डायरिया एवं जल संबंधी बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे कार्यो से लोग बचे। निगम की टीम सर्वे करने जायेगी अगर कोई ऐसा व्यक्ति मिलता तो उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी कराया जायेगा। एक गलती एक व्यक्ति करता है, और प्रभावित सभी होते है।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



क्लासिक फैशन का सफर

लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स ने जाना पेटेंट को, मिलने वाले अनुदान की दी जानकारी



**भिलाई।** आईपीआर का तात्पर्य सीमित समय के लिए किसी भी विषय में आविष्कार साक्षरता, कलात्मक कार्य, डिजाइन, प्रतीक, नाम और छवियों जैसे दिमाग के निर्माण से है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इसे प्राप्त करने के लिए, पेटेंट कानून व्यावसायिक संपत्ति को सीमित समय के लिए जानकारी का अधिकार देता है। पेटेंट किसी के बौद्धिक अधिकार के उत्पादन के लिए चरण रणनीतियों में से एक है। इसका पता लगाने के लिए कमेटी फॉर प्रमोशन ऑफ रिसर्च एक्टिविटी (सीओपीआरए) और पीजी सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के लिए एक शुरुआती मार्गदर्शिका विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के पेटेंट दाखिल करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

- सेंट थॉमस कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

प्राचार्य डॉ. एमज. रॉयमन ने स्वागत भाषण दिया और सेंट थॉमस कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी, जो नियमित रूप से कर्मचारियों और छात्रों के लाभ के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. केएम गार्से सिंहगढ़ इस कार्यक्रम मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने पेटेंट के संबंध में स्टाफ और विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रोफेसर केएम गार्से ने चित्रों की सहायता से प्रतिभागियों को विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में समझाया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के पेटेंट दाखिल करने की विधि एवं प्रक्रिया को बहुत अच्छे से समझाया।

### पेटेंट के लिए अनुदान के अवसर भी उपलब्ध

अपनी प्रस्तुति में प्रो. केएम गार्से ने अनुदान पेटेंट प्राप्त करने के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजक टीम को भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन में कुल 51 प्रतिभागियों का पंजीयन कराया था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उज्ज्वला सुपे द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कोपरा के संयोजक डॉ. सोनिया पोपली ने किया।

सिटी इवेंट

## फिजियोथेरपी पाठ्यक्रम में ऑनलाइन एडमिशन 14 से

**भिलाई।** शासकीय एवं निजी फिजियोथेरेपी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संचालित स्नातक फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम (बीपीटी) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन लिया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया 14 सितंबर से शुरू हो रही है। स्नातक फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट में शामिल सभी अभ्यर्थी पात्र होंगे। इस पाठ्यक्रम के लिए कोई न्यूनतम अहर्ताकारी अंक निर्धारित नहीं किया गया है। ऑनलाइन आवेदन का शुल्क निर्धारित कर दिया गया है। इसमें अनारक्षित श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए 500 रुपए निर्धारित है। अप्रवासी भारतीय यानी एनआरआई के लिए 10 हजार रुपए निर्धारित है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे ऑनलाइन आवेदक जिन्होंने पूर्व में प्रवेश वर्ष 2024 में एमबीबीएस, बीडीएस में ऑनलाइन आवेदन किया है। उन्हें पुनः ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 14 सितंबर को सुबह 11 बजे शुरू होगी। वहीं 24 सितंबर को शाम 5 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि होने पर अभ्यर्थियों को निशुल्क सुधार के लिए अंतिम तिथि तक सुविधा उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों द्वारा सुधार का चयन करने पर पुराना आवेदन शून्य हो जाएगा। आवेदन नया आवेदन भर सकेंगे।

सिटी इवेंट


## सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह 14 को छावनी में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस भिलाई नगर इकाई द्वारा भिलाई क्षेत्र के शासकीय विद्यालय से वर्ष 2024 में सेवानिवृत हो चुके तथा वर्तमान सत्र में सेवानिवृत होने वाले 15 शिक्षकों एवं प्राचार्यों का सम्मान समारोह 14 सितंबर को प्रातः 11 बजे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर छावनी के शाला प्रांगण में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग, वार्ड की पार्षद वीणा चंद्राकर, गिरिजा बंछोर को आमंत्रित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला करेंगे। भिलाई इकाई के अध्यक्ष होलसाय वर्मा ने बताया कि इस समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों के साथ उनके विद्यालय के समस्त स्टाफ के अतिरिक्त शिक्षक कांग्रेस के दुर्ग जिला के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रांतीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

गणेशोत्सव : नव जागृति श्री गणेश उत्सव समिति श्रीराम चौक खुर्सीपार में मनमोहक झांकियां

# माता पार्वती के गोद में विराजे बाल गणेश, रामलला दर्शन, रामदरबार लक्ष्मण झूला और कुंभकरण को नींद से जगाना मुख्य आकर्षण

ट्विनसिटी में इन दिनों गणेशोत्सव पर झांकियों और मेलों की धूम है। जगह-जगह अलग-अलग थीम पर झांकियां तैयार की गई हैं, जहां रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इन्हीं झांकियों में से एक नव जागृति श्री गणेश उत्सव समिति श्रीराम खुर्सीपार में लक्ष्मण झूले के बीच राम दरबार तैयार किया गया है। माता पार्वती अपनी सखियों के साथ बाल गणेश को गोद में लिए नजर आ रही हैं। अयोध्या में विराजी रामलाल की प्रतिमा मुख्य आकर्षण है। इसके अलावा राम-रावण युद्ध के समय कुंभकरण को जगाने वाली झांकी लोगों को खूब भा रही है।











**भिलाई।** समिति द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापना का यह 10वां वर्ष है। इस बार बनारस के स्वर्वेद महामंदिर थीम पर गणेश पंडाल तैयार किया गया है। काफी आकर्षक लाइटिंग के साथ विशेष साज-सज्जा की गई है। इसके अलावा प्रतिदिन गणेश पंडाल में बनारस की तरह शाम के समय तीन बार गंगा-आरती की जा रही है। इसमें शाम साढ़े 7, साढ़े 8 और साढ़े 9 बजे गंगा आरती खुले में की जा रही है, जहां हजारों भक्तों इस समय पर जुट रहे हैं। मंदिर समिति के प्रवीण ने बताया कि पूरे गणेश पंडाल को चार से पांच अलग-अलग भागों में बांटा गया है। इसमें पहले स्वर्वेद महामंदिर, फिर लक्ष्मण झूला, रामलला के दर्शन, अयोध्या प्रसंग, हनुमान प्रसंग, कुंभकरण की विशालकाय प्रतिमा, जिसे राक्षक नींद से जगाने का प्रयास कर हैं, जैसी झांकियां हैं। इसके अलावा हर दिन 5 हजार से ज्यादा लोगों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है। भंडारा के माध्यम से इसका वितरण किया जा रहा है।



### लक्ष्मण झूला पार कर होते हैं रामलला के दर्शन

गणेश पंडाल में प्रमुख रूप से भगवान राम के जीवन के झांकी के रूप में दर्शाया गया है। इसके लिए लक्ष्मण झूला को पार करना होता है। इसके बाद सबसे पहले माता कौशल्या और बालक राम के दर्शन होते हैं। भगवान राम दौड़ते नजर आ रहे हैं, उनके पीछे माता कौशल्या नजर आती हैं। इसके बाद ताड़का वध, हनुमान जी से मुलाकात, राम-रावण युद्ध, राम दरबार को प्रसंग का वर्णन है। इस बीच रास्ते में भगवान गणेश माता पार्वती की गोद में नजर आते हैं। सबसे बड़े क्षेत्र में यह गणेश पंडाल तैयार किया गया है।

# संतुलित एवं गैर रासायनिक खेती किसानों के लिए वरदान : चौहान

**भिलाई।** एग्रॉस संस्था द्वारा जिले के किसान को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों कि संख्या में किसान उपस्थित हुए। एग्रॉस सस्थान के प्रबंध निदेशक वरुण सिंह चौहान ने समस्त किसानों को संबोधित करते हुए

- एग्रॉस संस्था द्वारा किसानों के लिए संगोष्ठी का आयोजन



उन्नत एवं संतुलित किस्म की खेती के लिए उपयोगी जानकारी दी। इसमे उत्पादन को स्थिर रखते हुए फसल के रसायन को कम करते हुए बेहतर उत्पादन कैसे लिया जाए। इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किसानों में आज जैविक खेती के प्रति रुझान बढ़ा है। मार्केटिंग डायरेक्टर तेज सिंह चौहान ने बताया किसान किस प्रकार से गैर रसायनिक उत्पाद का उपयोग कर संतुलित खेती द्वारा उत्पादन को चार गुणा बढ़ा सकते हैं।

रीजनल मैनेजर अर्जुन यादव ने कहा हम लोग अपनी टीम के साथ किसानों के खेत में जाकर फसल को वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती करने के बारे में उनको जागरूक करते हैं। जैविक तरीके से खेती करने की तरीके बताते हैं। साथ ही भारत सरकार की योजनाओं के बारे में उनको विस्तृत जानकारी भी देते हैं, जिससे किसानों को काफी फायदा होता है।

# शास्त्री स्कूल के बच्चों ने राधाष्टमी में किया न्योता भोजन

**दुर्ग।** 3जन समर्पण सेवा संस्था समिति के सहयोग से राधाष्टमी पर सरदार वल्लभभाई पटेल हिंदी व अंग्रेजी माध्यम और लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद मदन जैन, प्रधान पाठक नितिन अग्रवाल, संकुल समन्वयक प्रीति पंसारी सहित अन्य मौजूद थे। अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के लिए संस्था के तरफ से भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान करीब 70 बच्चों ने भोजन किया।



कान्य कुब्ज वैश्य हलवाई भुंजवा भुर्जी समाज का आयोजन

# महिला शक्ति के जोश से सराबोर रहा तीज मिलन, तीज क्वीन बनीं शारदा कश्यप

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** कान्य कुब्ज वैश्य हलवाई भुंजवा भुर्जी समाज का तीज मिलन समारोह पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के

अध्यक्ष प्रहलाद कश्यप ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद सचिव जितेंद्र कश्यप द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। महिला समिति से पारो गुप्ता, मीना गुप्ता और राधिका कश्यप ने अपने विचार रखे। राकेश गुप्ता एवं नीलम कश्यप द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाएं थिरकते नजर आईं। बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान कई मजेदार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें

छत्तीसगढ़ी व्यंजन में प्रथम छाया कश्यप, द्वितीय अनुपमा कश्यप, तृतीय नीता दीपक कश्यप रहीं। तीज क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शारदा कश्यप ने प्राप्त किया।



पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता में किंजल ने बाजी मारी

इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें तीज पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम किंजल कश्यप, द्वितीय प्रिया गुप्ता, तृतीय छाया कश्यप रहे

तीज क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम शारदा कश्यप, द्वितीय प्रियंका गुप्ता, तृतीय मनीषा कश्यप रहीं।

चित्रकारी प्रतियोगिता में छोटे बच्चों द्वारा जल संरक्षण के थीम पर चित्रकारी ने समाज के सभी लोगों का मन मोह लिया। इसमें प्रथम आराध्य कश्यप, द्वितीय अनिका कश्यप, तीसरे स्थान पर ओजस कश्यप रहीं।

### एक तिली से सर्वाधिक मोमबत्ती जलाने में बच्चों ने किया एंजॉय

एक तिली से सर्वाधिक मोमबत्ती जलाने की प्रतियोगिता में महिला बच्चों ने खूब एंजॉय किया। इसमें प्रथम प्रतिभा गुप्ता, द्वितीय किंजल कश्यप, तृतीय नीता दीपक कश्यप को प्राप्त हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि रायपुर से पधारे पूरन लाल गुप्ता रहे। दुर्ग समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित सभी प्रतिष्ठित एवं बुजुर्ग महिला पुरुषों को शाल एवं श्रीफल की भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समला देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, उषा देवी, शशि देवी, विद्या देवी, बीना देवी कश्यप, रामशंकर गुप्ता, राममनोहर, रामगोपाल, गोविंद, शंकर लाल आदि सम्मानित किए गए।

### गीत-संगीत के बीच नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां

इस अवसर पर समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत संगीत, नृत्य एवं भजन की प्रस्तुति दी गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हरीश कश्यप ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। महापौर धीरज बाकलीवाल आयोजन में शामिल हुए। धन्यवाद समाज के विजय कश्यप ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर विजय गुप्ता, सुनील कश्यप, राजू गुप्ता, राजू कश्यप, दिनेश गुप्ता, विकास कश्यप, महेंद्र कश्यप, पंकज कश्यप, विशाल गुप्ता, दीपक कश्यप, आशीष कश्यप, लोमस कश्यप प्रमुख रूप से मौजूद थे। निर्णायक के रूप में तृप्ति गुप्ता ममता गुप्ता, अनुपमा ,शशि सुविधि कश्यप, अलका गुप्ता, दीप्ति कश्यप, मनीषा कश्यप, शारदा कश्यप उपस्थित थे।

## गणेशोत्सव की धूम




दुर्ग। मील पारा दुर्ग में बाल गणेशोत्सव समिति के भक्त विश्वास पांडेय, अपर्णा पांडेय, इशानी गुप्ता सहित अन्य बच्चों ने गणेश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे है।



भिलाई। नवयुवक गणेशोत्सव समिति सेक्टर 7 में स्थापित श्री गणेश प्रतिमा।



भिलाई। मोरया गणेशोत्सव समिति द्वारा स्कूल चौक भनपुरी में स्थापित विघ्नहर्ता की प्रतिमा।



भिलाई। श्री बाल गणेश विकास समिति स्टील नगर वार्ड-29 केम्प भिलाई विगत 58 वर्षों से गणपति उत्सव मनाया जा रहा है।



भिलाई। कांट्रेक्टर कॉलोनी वार्ड-12 स्ट्रीट नं-21 ए।



भिलाई। राजनंदिनी गणेशोत्सव समिति रामनगर।

● ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में राधा अष्टमी समारोह मनाया गया

# राधा अष्टमी पर सोहर गीत गाकर दी बधाई, बच्चों के नृत्य ने मनमोहा, आनंद सरोवर में हुआ नाट्य मंचन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में राधाष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय पाण्डे एसपीएसटीएफ दुर्ग, भावना पाण्डे एसपी इन्फारमेशन ब्यूरो, मारुति जगने डीएसपीएसटीएफ दुर्ग सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी दुर्ग संचालिका रीटा बहन ने कहा कि राधा अष्टमी का पर्व हमें प्रेम, समर्पण और भक्ति की महत्ता के बारे में सिखाता है। यह हमें राधा और कृष्ण के प्रेम की तरह अपने जीवन में प्रेम और समर्पण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।



### दो अक्षर का नाम राधा करती है सृष्टी का पालन

पूर्व आर.टी.ओ. अधिकारी ज्ञान देव पाण्डे ने बताया कि राधा दो अक्षर का नाम है जो समस्त जीव समूहों को धारण और पोषण करती है सृष्टि का पालन पोषण करती है। ऐसे राधारानी को समझने राधा तत्व को जानने के लिए श्री कृष्ण को समझे बिना राधा तत्व को जान नहीं सकते हैं। कृष्ण सच्चिदानंद आनंद स्वरूप है। इस समारोह में राधारानी भजन समिति के द्वारा कर्णप्रिय सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गयी।




### ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन में राधाष्टमी पर सोहर लोकगीत गा कर दी बधाई

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर 6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में सकल ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी राधारानी का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर महिलाओं की भजन मंडली द्वारा राधा रानी के जन्म पर बधाई गीत एवं सोहर लोकगीत सहित सुमधुर ब्रज के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं उल्लास पूर्वक झूमते हुए ढोलक की थाप पर नृत्य करने लगी। राधाष्टमी पर राधा रानी का अभिषेक कर सामूहिक रुप से महाआरती की।




### नन्हे बच्चों ने राधा रानी बन दी प्रस्तुति

शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ब्रजमंडल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छोटे बच्चे राधारानी की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें तान्या साहू और वामिका श्रीवास्तव विजेता रही। वेणु नाग के निर्देशन में उनकी टीम ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। दीपक ताहिलरमानी और साथियों ने इंस्ट्रुमेंटल संगीत प्रस्तुत किया। मंडल की वरिष्ठ महिला सदस्य अनुराधा मंगल और विरेन्द्र कुमार शर्मा ने कविता और गीत सुनाया।कार्यक्रम का मंच संचालन विरेन्द्र शर्मा और प्रदीप वर्मा ने किया। आयोजन के अंत में मुख्य अतिथि खजांचीलाल अग्रवाल और बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक श्री मुनीश गोयल जी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करनेवाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ सदस्य रतनलाल गोयल, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव, डॉ आरके मंगल, दिनेश कुमार गुप्ता, गिरीश गुप्ता, सूरज मंगला, शील राघव, अनुराग शर्मा, विवेक सिंह, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, हरीश कुमार गुहे, महिला सदस्य साधना गोयल, अनिता यदुवंशी, सुनीता वर्मा, मोनिका मंगला, निशा शर्मा, ज्योति गुहे, भावना तोमर, मनीषा गुप्ता आदि मौजूद थे।

### वृषभानु की यज्ञ भूमि से प्रकट हुई थी राधा: रीटा बहन



सनातन धर्म में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधाजी का प्राकट्य दिवस माना गया है। श्री राधाजी वृषभानु की यज्ञ भूमि से प्रकट हुई थीं। वेद तथा पुराणादि में जिनका कृष्ण वल्लभा' कहकर गुणगान किया गया है, वे श्री वृन्दावनेश्वरी राधा सदा श्री कृष्ण को आनन्द प्रदान करने वाली साध्वी कृष्णप्रिया थीं। रीटा बहन ने बताया कि परमात्मा पिता निराकार शिव ने आकर सत्य ज्ञान दिया कि जो परमात्मा ब्रह्मा के श्रीमुख कमल के द्वारा दिये गये दिव्य ज्ञान को अपने जीवन में धारण कर परमात्मा सम दिव्य गुणों से स्वयं को सुसज्जित किया वही आत्मा राधा और कृष्ण स्वरूप में प्रख्यात हुई और आने वाले नवयुग में वहां लक्ष्मी व नारायण रूप में सुशोभित हुई।




## आयोजन

# साहसिक शिविर से निर्णय लेने की क्षमता का होता विकास, छग रासेयो दल रवाना



**भिलाई।** अटल बिहारी वाजपेई माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट धर्मशाला सेंटर हिमाचल प्रदेश में 12 से 21 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर में भाग लेने के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के 20 स्वयंसेवकों का दल आज दुर्ग और बिलासपुर से रवाना हुआ। दल के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी बलवंत कोरम एवं उषा राठौर हैं। तकनीकी वि वि के कुलपति डॉ एमके वर्मा ने तकनीकी विवि को शिविर की संगठन व्यवस्था का दायित्व मिलने पर स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए साहसिक शिविर की सफलता की कामना की। रेलवे स्टेशन पर तकनीकी विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ डीएस रघुवंशी एवं रुंगटा कॉलेज आर 1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सत्यधर्म भारती ने दल का उत्साहवर्धन करते हुए विदा किया।

**धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित है 10 दिवसीय शिविर**

स्वयंसेवकों के दल का प्रतिनिधित्व कर रहे रुंगटा कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई के स्वयंसेवक विक्की कुमार ने बताया कि इस प्रकार के साहसिक शिविर, युवाओं को देशप्रेम की भावनाओं के अनुरूप एक सूत्र में तो बांधते ही हैं, साथ ही उनमें नेतृत्व क्षमता और जोखिम से बिना घबराए निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। शिवर स्थल में दल छत्तीसगढ़ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का भी प्रदर्शन करेगा।

## जागरुकता

# बच्चों की साइकोलॉजी को समझते हुए गुड व बेड टच की दी जानकारी



**भिलाई।** आज के माहौल में जब यौन अपराध बहुत बढ़ गए है, बेटियां सुरक्षित नहीं है। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए बेटी बचाओ मंच द्वारा फर्स्ट क्राई स्कूल नेहरू नगर में बेटियों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें गुड टच और बेड टच की जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य वक्ता हरप्रीत उपस्थित थी उन्होंने रोचक अंदाज में बच्चों के साइकोलॉजी के ध्यान में रखते हुए जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने बताया कि बेटी बचाओ मंच का उद्देश्य बेटियों का सर्वांगीण विकास करना है जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान बच्चों का स्वागत शहर अध्यक्ष स्वाति गुप्ता ने किया। महासचिव अवनी अग्रवाल ने बच्चो का मुंह मीठा कराया गया। स्कूल की संचालिका सृष्टि अग्रवाल ने बेटी बचाओ मंच का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजन स्कूल में कराते रहने की बातें कही। बेटी बचाओ मंच की मुख्य वक्ता हरप्रीत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शाला की टीचर्स, बच्चे और बेटी बचाओ मंच के सदस्य उपस्थित हुए।

युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल, सेक्टर 7 का आयोजन

# ढोल, नगाड़ों की थाप और गरबा की ताल पर थिरके युवा, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल सेक्टर 7 द्वारा आयोजित गणेश पूजा उत्सव हाईस्कूल दशहरा मैदान में गणेश उत्सव के दौरान विविध आयोजन किये जा रहे है।

संक्टर 7 में भिलाई का राजा के रूप में गणपति प्रतिमा के दर्शन करने लोग पहुंच रहे है। इस साल की गणेश पूजा को खास बनाने के लिए गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है, जो कि गणेश पूजा के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का उत्सव बना हुआ है। हजारों की संख्या में लोग गरबा में शामिल हो रहे हैं, और पंडाल में चारों ओर उमंग और उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है।





### बच्चों से लेकर बड़ों मे दिखा उत्साह

गरबा में पारंपरिक रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे लोगों की भीड़ ने पूरे आयोजन को रंगीन और जीवंत बना दिया है। ढोल, नगाड़ों और गरबा की ताल पर थिरकते लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक, सभी में गरबा के प्रति गजब का जोश देखने को मिल रहा है। हजारों लोगों की भीड़ हर रोज़ पंडाल में उमड़ रही है, जिससे यह आयोजन और भी भव्य हो गया है। श्रद्धालु भिलाई का राजा के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और गरबा के नृत्य में पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। हर दिन पंडाल में आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष चन्ना केशवलू एवं आयोजकों ने बताया कि भिलाई का राजा गणपति प्रतिमा हर साल की तरह इस साल भी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है। गणेश विसर्जन तक यह आयोजन चलेगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से रायपुर में



**रायपुर।** रायपुर जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 सितम्बर तक सप्रे स्कूल रायपुर के वॉलीबॉल मैदान पर किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से 12 पुरूष तथा 10 महिला टीमें तथा गेस्ट टीम के रूप में कोलकाता की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति से वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के तहत खेली जाएगी व दिन और रात दोनों ही पालियों में खेली जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 सितंबर को शाम 06 बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने फार्च्युन टी.एम.टी, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी, रॉयल ट्रैवल्स, मेट्रो ट्रैवल्स, हीरा ग्रुप एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का विशेष सहयोग है। प्रतियोगिता में बॉल एवं नेट तथा अन्य खेल साम्रागी स्पाट्न कम्पनी पी. रामचन्द्र एण्ड कम्पनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम 21000/, द्वितीय 11000/ तथा तृतीय 5100/ रुपए का इनाम व विजेता टीमों को ट्राफी स्व. जय सिंह की स्मृति में दिया जा रहा है वही प्रतियोगिता में बेस्ट एटकर, बेस्ट सेटर, बेस्ट लिब्रो, बेस्ट ब्लाकर तथा बेस्ट प्लेयर आफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार सौभाग्य फाण्डेशन रायपुर के द्वारा प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता की जानकारी मो. अकरम खान, सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एशोसिएशन तथा सचिव रायपुर जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा दी गई।

### महाराष्ट्र के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के दीपक ने जड़ा शानदार शतक

**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा सीनियर मेंस इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 28 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का फायनल दो



दिवसीय मैच (12 सिंतबर और 13 सितंबर) को पुदुच्चेरी में महाराष्ट्र के विरुद्ध जारी है। पहले दिन बुधवार को छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 3311 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से दीपक यादव ने 100 रन तथा अभिजित ताह ने 58 रनों का योगदान दिया। साथ ही सन्नी पांछे ने 54 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिंया। महाराष्ट्र की ओर से विक्की ओस्तवाल ने 5 विकेट तथा प्रशांत सोलंकी ने 4 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पारी में 311 रन बनाये।

### बैडमिटंन में प्रगति कॉलेज दोनो वर्गो में रहा चैम्पियन



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति महाविद्यालय की ओर से अंर्तमहाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे स्कूल स्थित बैंडमिन्टन हॉल में किया जा रहा है। दूसरे दिन पुरूष और महिला दोनों ही वर्गो में प्रगति कॉलेज के खिलाड़ी अपने दमदार खेल की बदौलत चैम्पियन बने। बुधवार को पुरूष वर्ग में पहला क्वाटर फाइनल मैच प्रगति कॉलेज और शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें प्रगति कॉलेज ने 3-0 के सीधे सेटों में मैच जीता। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में विवेकानंद कॉलेज को शंकराचार्य कॉलेज ने 3-2 से हराया। पुरूष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में यूटीडी रायपुर ने शंकराचार्य कॉलेज को 3-1 से हराया। पुरूष वर्ग के सेमीफाइनल मैच में प्रगति कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में प्रगति कॉलेज के रूद्रमणी यादव ने यूटीडी के हिमांशु को 2-0 तथा दूसरे सिंगल मैच में प्रगति कॉलेज के लुकेश यादव ने यूटीडी के मानधाता को 2-0 से हराया। डबल्स मुकाबले में प्रगति कॉलेज के अमन पटेल और देवाशीष की जोडी ने यूटीडी रायपुर के हिमांशु और मानधाता की जोडी को 2-0 से हराया और इस प्रकार प्रगति कॉलेज ने फाइनल मैच में 3-0 से विजय प्राप्त कर सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन बैंडमिन्टन प्रतियोगिता का पुरूष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में प्रगति कॉलेज ने विप्र कॉलेज को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के फाइनल मैच में प्रगति कॉलेज ने 2-0 से शासकीय दू.ब.महिला महाविद्यालय को हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

### चावल हमारा प्रमुख भोजन, इसे लेकर लोगों में हैं कई भ्रांतियां

# चावल खाने से वजन बढ़ने का क्या है संबंध जान लीजिए इसका सच और सेहत पर असर

चावल भारतीय भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न प्रकार से खाया जाता है। लेकिन चावल के सेवन को लेकर लोगों का मानना है कि चावल के सेवन से वजन बढ़ता है। मोटापा कम करने या वजन नियंत्रित रखने के लिए अक्सर लोग चावल खाना छोड़ देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सच में चावल के सेवन से मोटापा बढ़ता है? इसके अलावा चावल का हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर हो सकता है? क्या इसका सेवन फायदेमंद होता है या नुकसानदायक होता है। अगर आप भी वजन कम करने के लिए चावल नहीं खाते हैं या कम खाते हैं तो इस लेख में चावल के सेवन से जुड़ी सही जानकारी दी गई है। चावल में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो ऊर्जा का प्रमुख स्रोत हैं। सफेद चावल (रिफाइंड चावल) में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा अधिक होती है और फाइबर की मात्रा कम। इसलिए, सफेद चावल का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ सकता है, खासकर यदि आप एक निष्क्रिय जीवनशैली जीते हैं या कैलोरी की खपत अधिक है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि चावल स्वयं वजन बढ़ाने का कारण नहीं होता, बल्कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे किस मात्रा में और किस तरीके से खा रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सीमित मात्रा में चावल के सेवन से वजन नहीं बढ़ता है। इससे शरीर में फैट की मात्रा नहीं बढ़ती है।



### चावल के सेवन का सही तरीका

सफेद चावल की तुलना में ब्राउन राइस में अधिक फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते है। ये धीरे धीरे पचता है जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती और वजन नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।

### चावल की मात्रा

सीमित मात्रा में चावल का सेवन करना चाहिए। एक सामान्य वयस्क के लिए एक बार में 1 से डेढ कटोरी चावल पर्याप्त होता है।

### चावल के साथ आहार


चावल को दाल, सब्जियों, सलाद या दही के साथ खाना चाहिए। ये मिश्रण आपके भोजन को संतुलित बनाता है। हालांकि फ्राइड चावल या अधिक तेल वाले चावल के सेवन से बचें। इससे कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है।

### चावल के सेवन का सही समय





चावल खाने का सबसे अच्छा समय दोपहर का भोजन माना जाता है। इस समय शरीर की पाचन शक्ति अधिक होती है और दिनभर में चावल से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं। अगर आप रात में चावल खाते हैं तो इसे हल्के रूप में खाएं और मात्रा सीमित रखें। रात में शरीर की मेटाबॉलिज्म दर कम होने से चावल पचने में अधिक समय लग सकता है।




## सोने से पहले कमरे की रोशनी को कम रखें, ताकि आपकी नींद में कोई बाधा न हो

ज्यादा लाइट की व्यवस्था नींद में बाधा डाल सकती है, क्योंकि यह आपके शरीर के प्राकृतिक नींद-जागने के चक्र को बाधित करती है। जब आप सोते हैं, तो आपका शरीर मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करता है, जो आपको शांत और नींद में मदद करता है। प्रकाश मेलाटोनिन के उत्पादन को कम कर सकता है, जिससे सोना और सोते रहना मुश्किल हो जाता है। कार्बन फिल्टर वाली लाइट्स आपके कमरे की रोशनी को स्मूथ कर सकती हैं, जो नींद के लिए उपयुक्त होती है। धीमी और गर्म रोशनी का उपयोग करने से आपके मस्तिष्क को शांति मिलती है और सोने में मदद मिलती है।

इसके लिए चाहें, तो बेडरूम की सभी लाइटें बंद कर दें, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी भी शामिल है। अगर आपको थोड़ी रोशनी की जरूरत है, तो नाइट लाइट या रेड लाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। अपने बेड रूम की खिड़कियों पर ब्लैक आउट पर्दे या अंधेरे रंग के पर्दे लगाएं। सोने से पहले कुछ घंटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने से बचें।


### अच्छी नींद के लिए इयरप्लग का इस्तेमाल करें



अगर आप शोर से आसानी से परेशान हो जाते हैं, तो बेहतर नींद के लिए सिलिकॉन इयरप्लग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शोर नींद में बाधा डाल सकता है और आपके नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है। इयर प्लग बाहरी शोर को कम कर सकते हैं, जिससे आपको सोना और सोते रहना आसान हो जाता है। ये आपको हवाई यात्रा के दौरान या होटल के कमरे में सोने में मदद कर सकते हैं, जहां शोर का स्तर अधिक हो सकता है।

### रात के समय भारी भोजन करने से बचें

रात के समय भारी भोजन करने से बचना महत्वपूर्ण है, खासकर यात्रा के दौरान। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारी भोजन पचाने में अधिक समय लेता है और पेट में परेशानी पैदा कर सकता है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है। सोने से कम से कम दो घंटे पहले भोजन करें। इससे आपके शरीर को भोजन को पचाने और सोने के लिए तैयार होने का समय मिलेगा। हल्का और पौष्टिक भोजन चुनें। फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दुबला प्रोटीन अच्छे विकल्प हैं। मसालेदार या तले हुए भोजन से बचें। ये भोजन पेट में जलन पैदा कर सकते हैं और सोना मुश्किल बना सकते हैं। सोने से पहले कैफीन और शराब से बचें। अगर आपको रात में भूख लगी है, तो हल्का नाश्ता करें। एक छोटा फल, कुछ नट्स या एक कप दही अच्छे विकल्प हैं।



## पत्तल में खाना खाने से ग्रह दोषों से मिल सकता है छुटकारा, जानें महत्व

पत्तल में खाना खाने के परंपरा प्रचीन काल से चली आ रही है। वहीं ज्योतिष के लिहाज से पत्तल में खाना खाने का संबंध ग्रहों से है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी बता रहे हैं कि पत्तल में खाना खाने का महत्व क्या है।

### पत्तल में खाना खाने का धार्मिक महत्व क्या है?

पत्ते बायोडिग्रेडेबल होते हैं, यानी कि जो पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऋग्वेद में, पत्तों को 'पर्ण' कहा जाता है और उन्हें पवित्र भोजन ग्रहण करने के लिए उत्तम माना गया है। रामायण में, भगवान राम और सीता वनवास के दौरान पत्तों पर भोजन करते थे। महाभारत में, पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध के दौरान, दोनों पक्षों के सैनिक पत्तों पर भोजन करते थे।

पत्तल में खाना खाने का वैज्ञानिक महत्व क्या है ?

पत्तल में खाना खाने से स्वास्थ्य में लाभ हो सकता है। जैसे कि केले के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट और कई पोषक तत्व भी शामिल होते हैं। जो स्वास्थ के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पत्तल में खाना खाने से पाचन क्रिया में भी सुधार हो सकता है।

### पत्तल में खाना खाने का ज्योतिष महत्व क्या है?



ज्योतिष शास्त्र में पत्तल में खाना खाने से ग्रहों की स्थिति मजबूत हो सकती है। इससे व्यक्ति को जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। ऐसी मान्यता है कि अगर किसी जातक की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती है, तो उसे पत्तल में खाना जरूर खाना चाहिए। इससे लाभ हो सकता है। बता दें, पलाश के पत्ते में खाना खाने से आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है। केले के पत्ते में भोजन करने से पुण्य फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## ग्रिलिंग करते हुए कच्चा रह जाता है खाना ये हैक्स आपके काम को बनाएंगे आसान



फैमिली के साथ आउटिंग का मजा तभी है, जब आप सब मिलकर खाना पकाते हैं। कुछ लोगों को नॉन वेज डिशेज बनाने के काम में लगा दिया जाता है और कुछ पराठे, रोटी और चावल बनाने लगते हैं। स्नैक्स बनाने के लिए एक अलग टुकड़ी तैयार होती है। वहीं कुछ लोगों को ग्रिलिंग का काम दिया जाता है। इन सारे कामों में से एक मुश्किल काम यही होता है, क्योंकि अगर ग्रिल में सब्जियां या मीट कच्चे रह जाएं, तो आपका खाना खराब हो सकता है। ग्रिलिंग के ऐसे कई हैक्स हैं, जो आपके काम को आसान बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको यही हैक्स बताने वाले हैं।

### कॉन्डिमेंट्स के लिए मफिन ट्रे का उपयोग करें

कॉन्डिमेंड्स के लिए मफिन ट्रे आपके काफी काम आ सकती है। मफिन ट्रे के 12 सेक्शन आपके केचप, मस्टर्ड, चटनी, BBQ सॉस, अचार, टमाटर और अन्य कॉन्डिमेंड्स के लिए सही है। आपको इधर-उधर भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बार्बेक्यू में सारे सॉस एक साथ एक ही ट्रे में मिलेंगे और आपको ग्रिलिंग के वक्त डिस्ट्रैक्शन भी नहीं होगा। वहीं आपके पास एक ही ट्रे होगी, जिसे साफ करना होगा। अलग-अलग सॉस के लिए अलग बर्तन नहीं होंगे।

### स्मोकी टेस्ट के लिए आजमाएं ये हैक

ग्रिल करते हुए खाना ज्यादा पक जाए, तो जल सकता है। इसे स्मोकी टेस्ट देना हो, तब आप क्या करेंगे? इसके लिए लकड़ी के कुछ चिप्स को फॉइल में लपेटकर, इसमें 5-6 छेद कर लें। इसे ग्रिल के बर्नर के ऊपर और ग्रेट के नीचे रखकर अपने इलेक्ट्रिक ग्रिल को स्मोकर में बदल दें। इसके बाद ग्रिलिंग करना शुरू करें, बस आंच को मीडियम-स्लो में रखें। लकड़ी के चिप्स का यह पार्सल स्मोकी फ्लेवर देने में मदद करेगा।

### ग्रिलिंग को साफ करने का हैक

ग्रिलिंग को साफ सबसे ज्यादा कष्टप्रद लगता है। ग्रिलिंग खत्म होने के बाद सफाई करना अगर आपको भी मुश्किल लगता है, तो यह हैक आजमाएं। आप आसानी से ग्रिल साफ कर सकते हैं। इसके लिए नींबू या प्याज को आधा काटें और ग्रिल पर रगड़ें।

**कार्नर न्यूज**

### वास्तु के अनुसार उपाय अपना कर ला सकते हैं घर में खुशहाली

# पितृ पक्ष में आजमाएं वास्तु के कुछ सरल उपाय, पूर्वजों का मिलेगा भरपूर आशीर्वाद

वास्तु के अनुसार यदि आप अपने घर में किसी भी चीज का स्थान निर्धारित करते हैं तो आपके घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। आइए आपको बताते हैं पितृ पक्ष के लिए कुछ कारगर वास्तु उपायों के बारे में। पितृ पक्ष हिंदू कैलेंडर के अनुसार 16 दिनों की अवधि होती है जो हमारे पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव दिखाने का समय माना जाता है। यह आमतौर पर आश्विन महीने में शारदीय नवरात्रि के ठीक पहले होता है। इस दौरान लोग अपने दिवंगत पूर्वजों का आभार व्यक्त करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए श्राद्ध और तर्पण जैसे अनुष्ठान करते हैं। यह पितरों का सम्मान करने, उनकी शांति के लिए प्रार्थना करने और किसी भी नकारात्मक कर्म ऊर्जा को हल करने का समय माना जाता है।



### पितृ पक्ष से पहले घर के सभी स्थानों की करें सफाई

पितृपक्ष से पहले ही आपको घर के हर कोने को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि साफ-सुथरा और अव्यवस्था-मुक्त घर सकारात्मक पैतृक ऊर्जा को आमंत्रित करता है, जबकि गंदा या अव्यवस्थित घर नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकता है। पितृ पक्ष की अवधि के दौरान पूर्वजों का आगमन धरती पर होता है, ऐसे में यदि हम साफ़-सफाई का पूरा ध्यान रखते हैं तो उनकी कृपा बनी रहती है और पितृ दोष नहीं लगता है। घर की सफाई के लिए घर के कोनों और छिपे हुए क्षेत्रों पर ध्यान दें जहां धूल और अव्यवस्था जमा होती है। इससे रुकी हुई ऊर्जा को दूर करने में मदद मिलती है।

### दक्षिण-पश्चिम कोने में एक दीया जलाएं

घर के दक्षिण-पश्चिम कोने को पितृ स्थान या पूर्वजों से संबंधित स्थान माना जाता है। वास्तु के अनुसार आपको पितृपक्ष के दौरान इस दिशा में दीया जलाना अपने पूर्वजों का आशीर्वाद पाने और उनकी आत्मा को शांति दिलाने का एक प्रभावी तरीका माना जाता है। पितृ पक्ष के दौरान हर शाम अपने घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में तेल का दीपक जलाएं। इसके साथ ही आप सरसों के तेल से भरा दीपक पीपल के पेड़ के नीचे जलाएं। पूर्वजों की प्रार्थना करें और कुछ क्षणों के लिए ध्यान करें, अपने पूर्वजों पर ध्यान केंद्रित करें और उनका आशीर्वाद लें।

### दक्षिण दिशा की ओर मुख करके श्राद्ध और तर्पण करें

वास्तु शास्त्र में, दक्षिण दिशा का संबंध मृत्यु के देवता और दिवंगत आत्माओं के रक्षक यम से होता है। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पूजा-अर्चना और श्राद्ध कर्म करने का महत्व होता है। इस अवधि के दौरान आप जो भी पूजा या पितरों के निमित्त तर्पण करते हैं वो दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके ही करना चाहिए। वहीं आपको भूलकर भी दक्षिण दिशा की तरफ पैर करके सोना नहीं चाहिए, इससे पूर्वज नाराज हो सकते हैं।

### पितृ पक्ष के दौरान गाय, कौए और कुत्ते को भोजन खिलाएं

हिंदू परंपरा में, यह माना जाता है कि कौवे पूर्वजों के दूतों का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हें खाना खिलाना दिवंगत आत्माओं के प्रति कृतज्ञता का कार्य माना जाता है। इसी तरह पितृ पक्ष के दौरान यदि आप गाय, कुत्ते और कौए जैसे पक्षियों को खाना खिलाते हैं तो पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। इस उपाय के लिए आप अपने दैनिक भोजन में से कुछ हिस्सा पशुओं के लिए निकालें। आपके घर का उत्तर-पूर्व कोना आध्यात्मिकता और दैवीय ऊर्जा से जुड़ा है। पितृ पक्ष के दौरान, सुनिश्चित करें कि यह कोना साफ-सुथरा हो और भारी फर्नीचर या अनावश्यक वस्तुओं से मुक्त हो। इस स्थान पर कचरा रखने से आपके पूर्वज नाराज हो सकते हैं, वहीं आपको दक्षिण दिशा में भी कचरा रखने से बचना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टेलर स्विफ्ट ने जीते सात पुरस्कार, इस मामले में कर डाली बेयोंसे की बराबरी



पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में धूम मचा दी है। उन्होंने इस बार कुल सात खिताब अपने नाम किए और इस तरह अब उनकी झोली में कुल 30 पुरस्कार आ गए है। टेलर के गाने फोर्टनाइट को साल के सर्वश्रेष्ठ वीडियो का खिताब मिला है। इसे पोस्ट मेलोन ने भी गाया था। टेलर स्विफ्ट ने वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में कुल 30 पुरस्कार अपने नाम करने के साथ-साथ एक खास रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। मशहूर गायिका बेयोंसे भी इतने ही अवॉर्ड्स जीत चुकी हैं। एक खास बात ये भी है कि अब दोनों ही वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स के इतिहास में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले संगीतकार हैं। टेलर स्विफ्ट को एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में अपने गाने फोर्टनाइट के लिए सॉन्ग ऑफ द समर का भी खिताब मिला है। इसके अलावा फोर्टनाइट के लिए आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सर्वश्रेष्ठ पॉप, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, सर्वश्रेष्ठ संपादन और बेस्ट कॉलैब का भी पुरस्कार जीता है। इस खास मौके पर टेलर स्विफ्ट ने अपने भाषण की शुरुआत 9/11 हमले के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हुए की। इसके बाद उन्होंने पोस्ट मेलोन की तारीफ करते हुए कहा कि वो संगीत जगत में साथ में काम करने के लिए सभी कलाकारों के पसंदीदा शख्स हैं। एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में टेलर के अलावा चैपल रोआन ने सर्वश्रेष्ठ नए कलाकार का पुरस्कार जीता। मेगन दी के गाने ममुशी को बेस्ट ट्रेंडिंग वीडियो, बिली एलिश ने वीडियो फॉर गुड, लिसा ने सर्वश्रेष्ठ के पॉप, लेनी क्राविट्ज ने सर्वश्रेष्ठ रॉक और एमिनेम ने सर्वश्रेष्ठ हिप-पॉप का खिताब जीता।

### टॉलीवुड

## हादसे का शिकार हुए अभिनेता जीवा कार से पत्नी के साथ कर रहे थे यात्रा



तमिल अभिनेता जीवा अपनी पत्नी के साथ तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में कार हादसे का शिकार हो गए। हादसा इतना तेज था कि उनकी लग्जरी कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। दक्षिण भारतीय अभिनेता जीवा बुधवार को एक कार हादसे का शिकार हो गए। यह हादसा तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में उस वक्त हुआ, जब जीवा अपनी पत्नी सुप्रिया के साथ कार से जा रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी लग्जरी कार की बैरिकेड से टक्कर हुई, जिससे कार का बंपर बुरी तरह से टूट गया और दोनों पति-पत्नी को हल्की चोट भी लगी। इस हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और वे अपने-अपने फोन में घटना को रिकॉर्ड करने लगे। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभालते हुए कार को पुलिस थाने में भेजा और मामले की पड़ताल शुरू की। इस घटना के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है, जिसमें जीवा लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गुस्सा से प्रतिक्रिया देते दिख रहे हैं। बता दें कि हादसे के कुछ देर बाद जीवा अपनी पत्नी के साथ दूसरी कार से रवाना हो गए थे। जीवा मुख्य तौर पर तमिल फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म 83 में भी काम किया है, जिसमें उन्होंने पूर्व क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत का रोल अदा किया था। जीवा ने शिव मनसुला शक्ति, नानबन, कतरधु तमीज, नीथाने एन पोनवसंथम, कलाकलाप्पु 2, मुगामुडी और एंड्रेंड्रम पुन्नागई समेत कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने साल 2003 में 'आसाई आसैयाई' फिल्म से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

### भोजपुरी

## 'हाथी मेरे साथी' में यश कुमार दिखाएंगे दमदार जलवा



स्ट्री के जाने-माने सुपरस्टार यश कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'हाथी मेरे साथी' के दमदार ट्रेलर के साथ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, और दर्शकों से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के ट्रेलर में यश कुमार को एक्शन और इमोशन के बेहतरीन संयोजन के साथ पेश किया गया है, जिसमें उनका अंदाज काफी हद तक बॉलीवुड स्टार विद्युत जामवाल की हाथी को लेकर बनाई फिल्म की याद दिलाता है। फिल्म 'हाथी मेरे साथी' एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जिसमें इंसान और जानवरों के बीच के संबंधों को खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म में यश कुमार का किरदार अपने साथी हाथी के प्रति सच्ची दोस्ती और समर्पण का प्रतीक है। ट्रेलर में दिखाई गई यश कुमार और हाथी की केमिस्ट्री ने पहले ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है। यह कहानी एक भावनात्मक सफर पर ले जाती है, जहां इंसान और जानवर के बीच का अनमोल बंधन दर्शाया गया है। फिल्म में रक्षा गुप्ता ने अहम किरदार निभाया है। इस फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि इसमें न सिर्फ इंसानों के रिश्ते दिखाए गए हैं, बल्कि जानवरों के प्रति हमारा फर्ज़ और प्रेम भी दर्शाया गया है। हाथी भी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा है।

## क्लासिक फैशन का सफर

लाइफ स्टाइल




दुनिया के सबसे प्रभावशाली स्ट्रीटवियर और कलात्मक फैशन ब्रांड, स्प्रेग्राउंड ने अपने न्यूयॉर्क फैशन वीक रनवे शो के दौरान अपने ₹टाइम ट्रैवल कलेक्शन₹ को लॉन्च किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को अतीत, वर्तमान और भविष्य के माध्यम से एक रोमांचक फैशन यात्रा का नजारा देखने मिला। शोकेस के दौरान स्प्रेग्राउंड ने अपने आगामी संग्रह प्रदर्शित किए, जिसमें कल्ट क्लासिक्स और अवतार, द गॉडफादर, स्कारफेस और सेलर मून जैसे प्रसिद्ध ब्लॉकबस्टर सहित उल्लेखनीय सहयोग शामिल थे।

## चेहरे को क्लींज करने के लिए इस तरह इस्तेमाल करें बेसन

फेशियल हेयर को रिमूव करने के लिए बेसन का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए भी बेसन फायदेमंद है। बेसन का इस्तेमाल खाने के अलावा त्वचा पर भी किया जाता है। बेसन के उपयोग से मुंहासे से लेकर पोर्स टाइट होते हैं। इसलिए आपको अपने स्किन केयर रूटीन में बेसन को शामिल करना चाहिए। चेहरे को क्लीन करना बेहद जरूरी होता है। वरना, त्वचा पर मुंहासे, डल स्किन और ब्लैकहेड्स होने लगते हैं। चेहरे को साफ करने के लिए क्लींजर का उपयोग किया जाता है। बाजार से फेस क्लींजर खरीदने के बजाय आप बेसन से चेहरा साफ कर सकती हैं। चलिए जानते हैं चेहरे पर बेसन लगाने के फायदे से लेकर क्लींजर बनाने का तरीका।

### मुंहासे के लिए बेसन से कैसे बनाएं क्लींजर

अगर आपके चेहरे पर मुंहासे हो रहे हैं, तो आपको ऐसे क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें एंटी-बैक्टिरियल गुण पाए जाते हो। इसके लिए बेसन, चंदन पाउडर,



हल्दी और गुलाब जल मिक्स कर लें। अगर आपके पास गुलाब जल नहीं है,तो सादे पानी का उपयोग करें। इसे चेहरे पर लगाएं और कुछ देर रगड़ लें। जब यह सूख जाए, तब अपना चेहरा धो लें।

### बेसन फेस क्लींजर बनाने का तरीका

कटोरे में एक चम्मच बेसन, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच टमाटर का रस डालें। अब चमच की मदद से सभी चीजों को मिला लें। यह गाढ़े पेस्ट में बदल जाएगा। लीजिए बन गया बेसन से क्लींजर।

### कैसे करें क्लींजर का इस्तेमाल?

उंगलियों पर थोड़ा सा पेस्ट लें। अब इसे चेहरे पर लगा लें। पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाएं, माथे पर लगाना न भूलें। कुछ देर रब करें। अब पेस्ट को सूखने के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद फेस वॉश कर लें।

### त्वचा पर बेसन लगाने के फायदे

गर्मी के मौसम में टैनिंग की समस्या अधिक होती है। धूप के कारण चेहरे के साथ साथ हाथ पैर भी काले पड़ जाते हैं। ऐसे में टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप बेसन का इस्तेमाल कर सकती हैं। बेसन में दही और हल्दी मिलाकर लगाने से फायदा होगा।
त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल किया जाता है। बाजार में अलग अलग स्क्रब मिलते हैं। बेसन का इस्तेमाल भी स्क्रब के रूप में किया जा सकता है। बेसन के उपयोग से डेड स्किन रिमूव होती है। साथ ही, यह चेहरे पर मौजूद ऑयल और गंदगी को साफ करता है।

## साड़ी को लहंगे की तरह स्टाइल करने के ये टिप्स आएंगी काम




किसी भी लुक को आकर्षक बनाने के लिए उसमें स्टेटमेंट देना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप सेलेब्रिटी स्टाइलिस्ट और एक्सपर्ट डॉली जैन के बताए गये इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

लगभग हर तरह के फंक्शन में ट्रेडिशनल वियर पहनना पसंद किया जाता है। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइन व पैटर्न आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन आजकल साड़ी को कई तरीके से ड्रेप किया जाना काफी चलन में नजर आ रहा है। ज्यादातर लहंगा साड़ी लुक को एक बार फिर कई तरह से रीक्रिएट किया जा रहा है। ऐसे में सेलेब्रिटी स्टाइलिश डॉली जैन ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें उन्होंने काफी स्टाइलिश अंदाज में लहंगा स्कर्ट के उपर साड़ी को ड्रेप किया है और एक परफेक्ट लहंगा साड़ी लुक क्रिएट किया है। तो आइये जानते हैं क्या वो आसान स्टेप्स और जानेंगे साड़ी को स्टाइल करने का आसान तरीका।



### लहंगा साड़ी को पहनने का आसान तरीका

सबसे पहले आप प्लेन लहंगा स्कर्ट के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहन लें। अब आप साड़ी के कोने से अपनी लंबाई के हिसाब से माप लें। मापने के बाद आप साड़ी की प्लीट्स बना लें। करीब 4 से 5 साड़ी की प्लीट्स बनकर अपनी लंबाई के हिसाब से साड़ी को मापकर लहंगा स्कर्ट के अंदर डाल दें।प्लीट्स बनाने के बाद आप साड़ी के एक छोटे हिस्से को लेकर पेट के बीचो-बीच लाकर लहंगा स्कर्ट के अंदर डालें। ऐसा करने से प्लीट्स काफी खूबसूरती के साथ फ्लॉन्ट होकर नजर आएंगी। इसके बाद आप साड़ी को घुमाकर पल्ले को अपनी लम्बाई के हिसाब से सेट कर लें। बता दें कि साड़ी के प्लीट्स और पल्ले को सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं। साड़ी को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से फिनिशिंग टच देने के बाद लीजिये आपका लहंगा साड़ी लुक बिल्कुल तैयार है। अब इसे आप अपने किसी भी फंक्शन के लिए आसानी से पहन सकती हैं।

### लहंगा साड़ी को स्टाइल कैसे करें?

लहंगा साड़ी के साथ आप हैवी झुमके को पहन सकती हैं या चाहे तो टेम्पल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। बालों के लिए आप मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

## रात को सोने से पहले इस तरह करें अपने बालों की देखभाल

रात में टाइट हेयरस्टाइल बनाकर सोने से बाल खराब हो जाते हैं। इसके कारण हेयर फॉल की समस्या हो सकती है। बाल, चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने का काम करते हैं। इसलिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर लोग यह गलती करते हैं कि डे केयर फॉलो करते हैं। रात में भी बालों की देखभाल करनी चाहिए। वरना, हेयरफॉल की समस्या होने लगती है।



### गीले बालों में क्यों नहीं सोना चाहिए?

रात को गीले बालों में सोना नहीं चाहिए। ऐसा करने से बाल आसानी से टूटने लगते हैं। तकिया पानी और तेल सोख लेता है, जिससे बाल ड्राई हो जाते हैं। इसके कारण फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है। इससे डैंड्रफ की भी समस्या हो सकती है। इसलिए रात को हेयर वॉश करने से बचें। इसलिए सोने से पहले बालों को अच्छे से ब्लो ड्राई कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि हीट-प्रोटेक्टेंट का इस्तेमाल जरूर करें।

### रात को सोने से पहले बालों में कंघी क्यों करनी चाहिए?

रात को बालों को सुलझाकर सोएं। ऐसा करने से बाल कम टूटते हैं। बालों को कंघी करने के लिए चौड़े दांत वाली कंघी का इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से सुलझ जाते हैं। अगर आप ओपन हेयर में सो नहीं सकती हैं तो लूज ब्रेड बनाएं। ऐसा करने से हेयर ब्रेक्रेज नहीं होती है। ब्रेड बनाकर सोने से आपको परेशानी भी नहीं होगी। बाल मुंह पर भी नहीं आएंगे।

## नोज रिंग के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लुक को बनाएंगे खास

स्टाइलिश दिखने के हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए हम आए दिन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से अपने लुक को स्टाइल करते हैं। किसी भी लुक को स्टाइल करने के लिए ज्वेलरी का रोल अहम होता है और नए डिजाइंस के लिए अक्सर हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को रीक्रिएट करते हैं।

सेलिब्रिटीज की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग आजकल सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। इसलिए आज बात आलिया भट्ट के पहने हुए नोज रिंग्स की, जो आपको मार्केट में कम से कम दामों में आसानी से मिल जाएंगे। साथ ही बताएंगे इन नोज रिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### सिंपल रिंग स्टाइल नोज पिन

आलिया ने मूवी में कई तरीके की नोज पिन को कैरी किया है। वहीं इन सबके बीच आलिया ने सिंपल सी नोज रिंग को स्टाइल किया है। इस तरह की नोज पिन आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या ट्रेडिशनल वियर के साथ भी कैरी कर सकती हैं। अगर आपकी



नोज पियर्सिंग नहीं हो रखी है तो भी आपको इसमें मार्केट से कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे।

### सिंगल स्टोन नोज रिंग

अगर आप ज्यादा बड़े साइज की नोज पिन को कैरी नहीं करना चाहती हैं तो आलिया भट्ट की पहनी हुई इस सिंपल सी स्टोन वाली नोज रिंग की तरह दिखने वाला कोई डिजाइन खरीद सकती हैं। इसमें आपको को डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को आसानी से मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही पहनने चाहिए कपड़े

## ड्रेस पहनते वक्त दिखता है मोटापा तो रखें इन जरूरी बातों का ध्यान

*जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।*



जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।

खासकर जब बात आती है वेस्टर्न ड्रेस पहनने की तो लड़कियों को ये बात काफी परेशान करती है कि कहीं वो वेस्टर्न ड्रेस में स्टाइलिश दिखने की बजाय अजीब ना दिख रही हों। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपनाकर आप ड्रेस पहनकर भी अपना मोटापा छिपा सकती हैं। इन बातों को ध्यान में रखकर आप वेस्टर्न ड्रेस में भी क्लासी दिख सकती हैं।

**बेल्ट को कहें बॉय-बॉय:** अगर आपका पेट ज्यादा दिख रहा है तो कभी भी ड्रेस पहनते वक्त उस पर बेल्ट ना लगाएं। अगर आप बेल्ट लगाएंगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है।

**बॉडीकॉन ड्रेस से रहें दूर:** अगर आपका पेट निकला हुआ है तो बॉडीकॉन ड्रेस से दूर ही रहें। बॉडीकॉन ड्रेस में शरीर का हर अंग अलग से दिखता है। अगर आप ये पहनना चाहती हैं तो इसके अंदर टमी टकर जरूर पहनें।

**रफल वाली ड्रेस पहनें:** रफल वाली ड्रेस काफी फूली-फूली होती हैं, जिसके चलते ये आपका बेली फैट छुपाने में मददगार होती है। ये देखने में भी काफी ज्यादा क्लासी और स्टाइलिश होती है।

**पहनें हाई वेस्ट जींस:** ड्रेस के अलावा आपको अन्य कपड़ों के लिए भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जो हाई वेस्ट जींस होती है वो बाहर निकले पेट को छिपाने में मददगार होती है। ऐसे में आप रोजाना की लाइफ में



हाई वेस्ट जींस आसानी से पहन सकती हैं।

**पैटर्न का रखें ध्यान:** अगर आपका पेट निकला है तो कपड़े खरीदते वक्त हमेशा पैटर्न का ध्यान रखें। वर्टिकल पैटर्न वाली ड्रेस आपके बैली फैट को छिपाने के काम आती है। ये आपके ऊपर अच्छी भी लगेगी।